

सूर्योदय प्रातः 6:01 | सूर्यास्त संध्या 5:57 | पखवाड़ा फाल्गुन शु. त्रयोदशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 18°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 12 मार्च 2025, वर्ष : 16, अंक : 31, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


# पुलिस एनकाउंटर में मारा गया कुख्यात गैंगस्टर अमन साव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची/बुढ़मू/मेदिनीनगर** : पुलिस एनकाउंटर में झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मारा गया। वह राज्य के रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत मतवे गांव का रहनेवाला था। पलामू चैनपुर के अंधारी ढोडा इलाके में मारा गया गैंगस्टर रायपुर जेल से झारखंड लाया जा रहा था। बताया गया है कि पुलिस के चंगुल से छूट कर भागने की नीयत से उसने पुलिस स्पेशल टास्क फोर्स के जवान से इंसास राइफल छीन ली और जवान पर गोली चला दी। इस हमले में जवान घायल हो गया। घटना के तुरन्त बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमन साव को ढेर कर दिया। घटना की सूचना पाकर एसपी रिष्मा रमेशन समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। स्थल की पूरी तरह घेराबंदी कर दी गयी और पुलिस अपनी कार्रवाई में जुट गयी। बताया जा रहा है कि अमन साव को अपराधियों ने छुड़ाने की कोशिश की थी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

- स्पेशल टास्क फोर्स के जवान की राइफल छीन चलायी थी गोली
- जवाब में पुलिस ने की कार्रवाई
- रायपुर जेल से झारखंड लाया जा रहा था
- पलामू चैनपुर के अंधारी ढोडा इलाके में हुई मुठभेड़



## पतरातू में बीता अमन का आरम्भिक जीवन

**पुलिस** एनकाउंटर में मारा गया अपराधी अमन साव का आरम्भिक जीवन पतरातू में बीता। अमन साव के पिता निरंजन साव पतरातू में दुकान चलाते थे। इंटर तक पढ़े अमन की शिक्षा पतरातू से ही हुई। अमन के दादाजी हरिदास साव मतवे में खेती-बाड़ी करते थे। एक भाई सर्विस करता है और एक भाई आकाश साहू टेरर फंडिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है। अमन साव ने इंटर करने के बाद पतरातू में मोबाइल दुकान खोली। मोबाइल दुकान खोलने के बाद दुकानदारी के दौरान वह सुशील श्रीवास्तव गिरोह के सम्पर्क में आ गया और उसके लिए काम करने लगा। कुछ दिनों में अमन ने क्षेत्र में अपनी पकड़ बना ली और गिरोह से ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अमन साव एनकाउंटर की मीडिया को दी जायेगी विस्तृत जानकारी : डीजीपी

- एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के मामले का जल्द होगा खुलासा



**हजारीबाग** : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अमन साव एनकाउंटर मामले में कहा कि अमन साव एनकाउंटर में मारा गया है। पुलिस का एक जवान भी घायल हुआ है। एटीएस के एसपी को पलामू घटनास्थल पर भेजा गया है। साथ ही, स्थानीय एसपी को घटना की पूरी जानकारी लेने को कहा गया है। जैसे सारी जानकारी प्राप्त होती है, आप तक पहुंचायेंगे।

डीजीपी अनुराग गुप्ता एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या मामले को लेकर हजारीबाग पहुंचे थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# बजट सत्र : राजस्व विभाग के 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग की स्वीकृति दी गयी। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाये गये कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था।

**भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगायेगी टैक्स**

**विभागीय** मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है, तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें।

**जीएम लैंड को किया जायेगा लैंड बैंक से बाहर**

**मंत्री** ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। साथ ही, उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है, तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : इरफान अंसारी



**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बज कर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुला कर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई हैं, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगायी है। अब जीबी की बैठक बुला कर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गयी, उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गये हैं और नियमित डॉक्टर, जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है, वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आनेवाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किये बगैर बीच में ही चले जाते हैं, इससे रिम्स की व्यवस्था पर गम्भीर असर पड़ता है।

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,102.32 | -12.85 (-0.02%) |
| निफ्टी | 22,497.90 | 37.60 (0.17%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 86,210.00 |
| चांदी | 1070.00 |

### माह-ए-रमज़ान



| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5 : 56 | 4 : 45 |

### एक झलक

## प्रधानमंत्री ने मॉरीशस के राष्ट्रपति से की मुलाकात

**महाकुम्भ का पवित्र जल भेंट किया**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुईस में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल से स्टेट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मॉरीशस के राष्ट्रपति को पीतल-ताम्बे के बर्तन में हाल ही में प्रयागराज में संपन्न महाकुम्भ का पवित्र जल भेंट किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संदर्भ में उन्होंने दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों के बीच मजबूत संबंधों के अस्तित्व को याद किया।

## चुनाव आयोग ने अनसुलझे मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : चुनाव आयोग ने ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए 30 अप्रैल तक सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से सुझावों को आमंत्रित किया है। आयोग ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।

आयोग की ओर से मंगलवार को राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत पत्र जारी किये गये हैं। आयोग ने इनमें पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए बातचीत का भी सुझाव दिया है। पिछले सप्ताह सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सीईओ, डीओओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने का निर्देश दिया था। साथ ही, इस तरह की बैठकों में प्राप्त सुझावों को हल करने के लिए 31 मार्च तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट देने को भी कहा था। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में मंगलवार को एक स्कार्पियो ने खड़ी ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गयी। मृतकों में बरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है।

इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम (जमशेदपुर) सुजीत कुमार सिंकू (20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है। मंगलवार अलसुबह करीब 03 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर ● शेष पृष्ठ 11 पर

# 'क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे'

- राज्यसभा में खड़गे के बयान पर हंगामा, बाद में मांगी माफी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सदस्य मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता सदन जेपी नड्डा के बीच मंगलवार को तीखी बहस हो गयी। उपसभापति हरिवंश नारायण ने जब खड़गे को बोलने से रोका, तो उन्होंने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। इस पर उपसभापति ने फिर टोका, तो खड़गे ने कहा, 'क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे...' सरकार को ठोकेंगे। खड़गे के इस बयान पर जेपी नड्डा तिलमिला कर उठे और उन्होंने खड़गे को आड़े हाथों लिया। बाद में खड़गे ने चेयर से माफी मांगी। राज्यसभा में मंगलवार को शिक्षा मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा के दौरान उपसभापति हरिवंश ने कांग्रेस सदस्य दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन उसी दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे खड़े हो गये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अप्रवास व विदेशी विषयक विधेयक लोकसभा में पेश

**गृह** राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक-2025 विचार के लिए लोकसभा में पेश किया। विधेयक का उद्देश्य देश में आप्रवासन से जुड़े कानूनों को नए सिरे से परिभाषित करना है। विधेयक के अधिनियम बनने पर विदेशियों एवं अप्रवास से संबंधित मामलों के वर्तमान के चार अधिनियमों- विदेशी विषयक अधिनियम-1946 और आप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम-2000, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम ● शेष पृष्ठ 11 पर




## एक झलक

### बेड़ो में फगुआ मिलन समारोह आज



**बेड़ो** : पुराने प्रखंड कार्यालय के बगीचा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल रांची ग्रामीण के तत्वाधान में फगुआ मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस फगुआ मिलन समारोह में मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने लोगों से भाग लेने की अपील किया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़मू में मना कल्याण दिवस

**बुढ़मू** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद तारिक अनवर की अध्यक्षता में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमे 12 नये जोड़े (योग दम्पति) को पारिवार नियोजन के चार गांठ के बारे में बताया गया (1) लड़का हो या लड़की शादी का सही उम्र 21 साल (2) पहला बच्चा शादी के दो साल बाद (3)दूसरा बच्चा तीन साल बाद और (4)दो बच्चों के बाद स्थाई विधि पुरुष नसबंदी या महिला बंध्या करण और सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा जैसे महिला बंध्या करण में होने वाली छतीपूर्ति के लिए प्रोत्साहन राशि और पुरुष नसबंदी में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में बताया गया तथा अस्थाई विधि के बारे मे भी चर्चा करते हुए मला एन, कॉन्डम,ई जी पिल, छाया को प्रयोग कैसे करें। इस बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया। आखिर में 12 जोड़ो को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया!इस कर्यक्रम में उपस्थित अबुल कलाम आजाद, अनीता किरण मिंज, विक्रम तिर्की, अजित कुमार, आश्रम मुंडा, त्रिभुवन प्रसाद, जयवीर यादव,सरिता देवी, प्रतिमा देवी सहिया, कुंती देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पतरातु सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की पहली 800 मेगावाट यूनिट ग्रिड से जुड़ी



**पतरातू** : झारखंड की उर्जा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में पीवीयूएनएल पतरातू को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट फेज-1 की पहली 800 मेगावाट की यूनिट को मंगलवार की सुबह 09 :45 बजे ग्रिड से सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया है। इसके साथ ही यूनिट को सिंक्रोनाइज करते हुए 100 मेगावाट तक बिजली जेनरेट भी की गई है। इस बड़ी उपलब्धि पर पीवीयूएनएल के सीईओ आर. के. सिंह ने हर्ष जताया है और पीवीयूएनए एनटीपीसी और बीएचईएल की सभी टीमों के अटूट प्रयास, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रोजेक्ट, ओ. एंड. एम., कमीशनिंग, सर्विसेज विभागों, सहयोगियों, सहायक कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के योगदान की भी प्रशंसा की है। वही उन्होंने एनटीपीसी के सीनियर मैनेजमेंट और जेबीवीएनएल को सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। बताया जाता है कि पीवीयूएनएल का अगला लक्ष्य यूनिट-1 के लिए इस वित्तीय वर्ष के भीतर वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करना है। इसके अलावा, कंपनी वित्तीय वर्ष 2025-26 में फेज-1 की बची हुई दो इकाइयों के कमीशनिंग के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।

### होली में नॉन वेजिटेरियन रहें अलर्ट, देसी मुर्गी के नाम पर बिक रहा सलोनी ब्रांड

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री तो हो ही रही है, अब मांसाहारी लोगों के लिए मुर्गा और मुर्गी भी डुप्लीकेट मिलने लगा है। यह जानकार लोगों को भारी आश्चर्य भी हो रहा है। होली के मौके पर नॉन वेजिटेरियन लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। देसी मुर्गी के नाम पर दुकानदार उन्हें सलोनी ब्रांड की मुर्गी थमा रहे हैं। इस व्यापार से लाखों रुपए का मुनाफा हो रहा है। सलोनी ब्रांड की मुर्गी नागरिकों की जेब पर भारी पड़ती जा रही है।

# डीसी ने की राजस्व सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त ने परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के लिए फैंसी नंबर निर्गत किए जाने का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा फैंसी नंबर प्राप्त करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क करने के संबंध में जानकारी दी गई। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने एक सप्ताह के अंदर सभी अंचलों में न्यायालय संबंधित मामलों में कॉज लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया। वहीं परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ में 180 युवाओं को मिलेगा अमीन का प्रशिक्षण, आवेदन आज से



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर जिला अंतर्गत 180 युवक/युवतियों को अमीन प्रशिक्षण दिए जाने को लेकर आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च 2025 से शुरू हो जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा है कि विशेष पहल के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग प्रखंडों से 180 युवक/युवतियों को 1 वर्ष का अमीन प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए प्रशिक्षण में खर्च होने वाली 90 फीसदी राशि का व्यय जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा किया जाएगा। वहीं 10% राशि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को देना होगा। 1 वर्ष के प्रशिक्षण के दौरान युवक/युवतियों को अमीन द्वारा किए जाने वाले कार्यों में पूरी तरह से दक्ष बनाया जाएगा। वहीं प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत वे सभी सरकारी नियुक्तियों, आउटसोर्सिंग सहित अमीन के विभिन्न कार्यों के लिए योग्य होंगे। बताया गया कि श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला कौशल कार्यालय-जिला नियोजनालय, रामगढ़ के द्वारा कुल 180 युवक/युवतियों का 12 माह के लिए अमीन प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रति के साथ दिनांक 22.03.2025 तक हाथों-हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से विकास शाखा रामगढ़ एवं संबंधित प्रखण्ड के अभ्यर्थी अंचल कार्यालय, रामगढ़, चितरपुर, दुलमी, गोला, पतरातू एवं माण्डू में भी आवेदन जमा कर सकते हैं।

समावेशी शिक्षा के तहत आयोजित प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं में अद्भुत प्रतिभा होती है : सुधीर मंगलेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड कार्यालय सभागार में समावेशी शिक्षा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गीत, नृत्य, भाषण एवं निबंध- लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इनमें दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सहायक शिक्षिका प्रियंका कुमारी, तापेश्वरी कुमारी एवं विनोद बिहारी महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम में इनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायक संबोधन से प्रतिभागियों का मनोबल और उत्साह बढ़ा। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने अपने संबोधन में कहा, समावेशी शिक्षा समाज के हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। दिव्यांग छात्र-छात्राओं की प्रतिभा अद्भुत होती है, आवश्यकता सिर्फ उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन देने की है। ऐसे कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि हम समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दें और दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं छात्रों ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे एवं विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों की भागीदारी को सराहा। इस आयोजन ने छात्रों में आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई।

## एचईसी की गम्भीर समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने की भारी उद्योग राज्य मंत्री से मुलाकात



**रांची/दिल्ली** : मंगलवार को दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन और झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने भारी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) की बिगड़ती स्थिति को लेकर भारी उद्योग राज्य मंत्री निवास वर्मा से मंत्रालय में मुलाकात की। बैठक के दौरान एचईसी कर्मियों के 26 माह से लंबित वेतन भुगतान पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही, संगठन ने एचईसी के भविष्य और इसके पुनरुद्धार के उपायों पर भी मंत्री से बातचीत की।

## पूर्णाहुति के साथ प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : महादानी मंदिर परिसर में ग्रामीणों द्वारा नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी के मंदिर का ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव के ग्यारहवें दिन मंगलवार को हवन पूणार्हुति, महाप्रसाद व भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। यहां पुणार्हुति पूणार्हुति का आयोजन पूरे विधि विधान के साथ किया गया। इस दौरान परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वही धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य अंचल पाठक, मृत्यंजय पाठक, विकास पाठक, नरोत्तम पांडेय, भारतेन्दु द्विवेदी, ध्रुव मिश्रा, आशुतोष पांडेय सोनू पांडेय की अगुवाई में बतौर मुख्य यजमान साधन कुमार राय सपत्नी लखी राय, राजेंद्र साहू अनिता देवी, सुदामा वर्मा संगीता देवी, जोगिंद्र महतो सुलेखा महतो, परना महतो सारिका देवी, उमेश महतो मीना देवी, संजीत साहू मनीता देवी, मोतीलाल गुप्ता भारती देवी, मोहन सोनी गायत्री देवी ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन की आहुतियों के बीच यज्ञ की पूणार्हुति दी गई। अन्य दिनों की अपेक्षा यज्ञ के अंतिम दिन हुए पूजन और हवन के दौरान काफी संख्या में आस्थावान श्रद्धालुओं की उपस्थिति मंदिर परिसर व यज्ञशाला के समीप बनी रही। महोत्सव को सफल बनाने में अशोक पंडा,सोनू पंडा,वाणी कुमार राय,हरि साहू,सौमित्र शर्मा, मुकेश कुमार राय, महावीर गोप, दशरथ गोप, पंकज गुप्ता, विनोद मेहरा, नकुल राम महथा, राजेश्वर सिंह, अंकित सोनी, शिवेंद्र सौरभ, संदीप सोनी, राजेश कुमार, सुदामा, कुश कुमार बजरंगी बाबा ने सराहनीय योगदान दिया।

## दुर्घटना में एतवा मुंडा की हुई मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : गेतलसूद-अनगड़ा रोड में रामकृष्ण मिशन मोड़ के पास मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे बाइक सवार (जेएच 01 एफएम 4494) ने सड़क किनारे खड़ा पेड़ को ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में एतवा मुंडा (14) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी दूसरा छात्र छोटू करमाली (14) गंभीर रूप से घायल हो गया। एतवा मुंडा नवागढ़ के बुधुवा मुंडा व छोटू करमाली नवागढ़ नीचे टोला के राकेश करमाली का पुत्र है। दोनों छात्र नवागढ़ हाई स्कूल के कक्षा 9 के छात्र है। दोनों बेड़वारी स्थित अनगड़ा माडल स्कूल में 9वीं बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे थे। घ्रटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक एतवा मुंडा चला रहा था। मिशन मोड के पास तेज गति से जा रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ा शीशम के पेड़ से जा टकराया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही एतवा की मौत हो गई। घायल छोटू की इलाज के लिए सीएचसी अनगड़ा भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। छोटू की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक

## होली के त्योहार को आपसी भाईचारे व प्रेम से मनाना है : अंचलाधिकारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : मंगलवार को ठाकुरगांव थाना परिसर में होली पर्व सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी सच्चिदानंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि होली के त्योहार को आपसी भाईचारे व प्रेम से मनाना है। साथ ही किसी को जबरन रंग गुलाल नहीं लगाना है वहीं सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। वहीं थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि प्रशासन की पैनी नजर अराजक तत्वों पर बनी रहेगी वहीं नशापान से दूर रहने का अपील किया। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार ने डीजे व अश्लील गानों का प्रयोग नहीं करने की बात कही। बैठक के उपरांत होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। मौके पर पूअनि दिलीप कुमार, भुवनेश्वर साहू, दिनेश महतो, मुखिया सचिन पाहन, बलिंद्र गोप, रंथेश्वर गिरी, बबलू यादव समेत शांति समिति के दर्जनों सदस्य शामिल हुए।

## श्री श्याम मण्डल, रांची में तीन दिवसीय फाल्गुण सतरंगी मोहत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मण्डल, रांची में तीन दिवसीय फाल्गुण सतरंगी मोहत्सव के दूसरे दिन आज अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रात्रि 9 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और इस अवसर पर पूरे मन्दिर को विद्युत की रंगीन लड़ियों तथा रंग बिरंगे फोलों से सजाया गया था। फाल्गुण शुक्ल की इस एकादशी के खास अवसर पर श्री श्याम का अनुपम एवम विराट श्रृंगार किया गया और साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे मण्डल के अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 21 वें बसन्तउत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन वन बन्धु परिषद के अध्यक्ष श्री रमेश धरणीधरका द्वारा किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्व प्रथम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया।

## राशन उठाव के लिए 30 मार्च तक ई-केवाईसी कराने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख धर्मवीर महतो, सभी पंचायतों के मुखिया गण, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के डीलर, उपस्थित थे। बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण को सुचारू बनाने एवं पात्र लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही, पीडीएस डीलरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और उन्हें ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहायता करें। बैठक में खाद्य आपूर्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई तथा राशन कार्ड धारकों के ई-केवाईसी को लेकर विशेष चर्चा हुई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा सभी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राशनकार्ड धारकों को 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराना होगा, अन्यथा उन्हें आगे राशन मिलने में परेशानी हो सकती है।

## खूंटी में खुलेगी डायलिसिस यूनिट

**खूंटी** : खूंटी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के अनुमोदन पर स्वास्थ्य विभाग, खूंटी के सहयोग से द हंस फाउंडेशन द्वारा जिले के सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट तथा रनिया एवं अड़की प्रखंड में कुपोषण उपचार केंद्रों की स्थापना के लिए मंगलवार को एकरारनामा किया गया। ये केंद्र निःशुल्क रूप से संचालित किए जाएंगे, जिससे जिला वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग खूंटी एवं द हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के बीच दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## सरस्वती विद्या मंदिर में इन हाउस प्रशिक्षण का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा में मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण(इन हाउस) आयोजन किया गया जिसका विषय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा (क्वालिटी एजुकेशन)था। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आधुनिक तरीकों से अवगत कराना और कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद, रिसोर्स पर्सन डॉ. देव नंदन सिंह, प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं राकेश सहाय के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण आवश्यक है। यह पहल न केवल शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि करेगी, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी सहायक होगी। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक विशेषज्ञ डॉ. देव नंदन सिंह ने शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रियाओं और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से समावेशी शिक्षा, मूल्यांकन आधारित शिक्षण और छात्र-केंद्रित शिक्षण तकनीकों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

# बेड़ो के कोकड़े गांव में तीन जंगली हाथी ने दो किसानों की फसल रौंदी





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में सोमवार की रात लगभग दस बजे तीन जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के दो किसान अनुप मुंडा के गेहूं और केला व पूनम मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं अनुप मुंडा ने बताया कि 30 दिसंबर 2024 को भी हाथियों ने आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया था। जिसका मुआवजा अभी तक हमें नहीं मिली है। वहीं इस घटना से गांव लोगो में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं अनुप व पूनम ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर ग्रामीणों ने वन विभाग अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

**प्रति वर्ष लाखों की घर व फसल बर्बाद**

**हाथियों** द्वारा ग्रामीणों के प्रत्येक वर्ष लाखो रुपये के घर व फसल बर्बाद कर दिया जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि हाथियों के खौफ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल अब तक नही किया जा रहा है। साथ ही एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें मुआवजा नहीं मिलता है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन एवं विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

**ग्रामीणों** का कहना है कि वे लोग प्रत्येक वर्ष अपने खेत में हाड़ तोड़ मेहनत करके खून पसीने की कमाई से फसल लगाते हैं मगर हाथियों द्वारा हर साल फसलों को रौंद दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ हाथी भगाने के नाम पर खानापूर्ति करती है। और जिस समय हाथी नुकसान पहुंचाता है,उसी समय वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों से सहानुभूति दिखाया जाता है। बाद में आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता।

## रिंग रोड हेसल के पास बाइक सवार को ट्रक ने कुचला, बाइक सवार की मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : रिंग रोड हेसल ओवरब्रीज के पास मंगलवार की सुबह सवा दस बजे एक ट्रक, एक बाइक सवार को रौंदते हुए फरार हो गया। मौके पर ही बाइक सवार मनीराम महतो उर्फ शंकर महतो(22) की मौत हो गई जबकी प्रकाश महतो नाम का युवक घायल हो गया। मनीराम महतो हेसल कठरटोली निवासी स्व. मंगरा महतो का पुत्र था। प्रकाश को बेहतर इलाज के लिए सीएचसी अनगड़ा भेजा गया है। किसी काम को लेकर अपने बाइक से वह राजाडेरा जा रहा था। बताया जाता है कि मनीराम तुरूप से गोंदलीपोखर की ओर आ रहा था। पीछे से एक ट्रक आ रही थी। ट्रक काफी तेज गति से आ रही थी। टोल गेट से कुछ दूर पहले हेसल ओवरब्रीज के पास ट्रक ने बाइक सवार को अपने चपेट में लेकर कुचलते हुए फरार हो गई। अनगड़ा थाना की पुलिस ने ट्रक की पहचान कर ली है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे व रिंग रोड को जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के स्वजनों को दस लाख रूपया मुआवजा देने की मांग कर रहे है।

## एक झलक

### आमंत्रण सोसाइटी में हुआ होली मिलन



**रांची :** आमंत्रण सोसाइटी में मंगलवार को होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। गीत, संगीत व नृत्य में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान काव्य पाठ भी हुआ। सुस्वादु भोजन का सोसाइटीवालों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गो सेवा



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमू रोड गोशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गो सेवा करायी गयी। रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हर एकादशी निरंतर गो सेवा की जा रही है, जिसमें 10 मार्च को ग्यारस के शुभ अवसर पर यह सेवा की गयी। यह सेवा आशा संथालिया की तरफ से करायी गयी। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा में गोमाता को हरी सब्जी, मूली, गाजर, पत्तागोभी, धनिया एवं अन्य सामाग्री खिलायी गयी। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां सुचारु रूप से की। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, आशा संथाली, डॉली बंसल, सोनल अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थीं।

### जेसीएम का आरयू व डीएसपीएमयू में फगुआ सह होली का सफल आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ हुआ सम्पन्न



**रांची :** झारखंड छात्र मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय एवम डीएसपीएमयू में संयुक्त रूप से फगुआ सह होली का आयोजन 11 मार्च दिन मंगलवार को डीएसपीएमयू सेकंड गेट आरयू बेसिक साइंस बिल्डिंग के समक्ष हुआ। कार्यक्रम में डीजे की शानदार व्यवस्था की गई थी, साथ ही 1 क्विंटल अबीर, स्मोक अबीर की व्यवस्था जेसीएम की ओर से की गई थी। कार्यक्रम 12 से बजे शुरू हुआ एवम 6से बजे तक चला। छात्र छात्राओं ने नागपुरी, हिंदी एवम भोजपुरी गानों में खूब थिरके। 6से बजे कार्यक्रम की समाप्ति आयोजकों द्वारा कर दी गई।

### आरटीसी कॉलेज के संस्कृत विभाग में 'संस्कृत साहित्य में पंचतंत्र की शिक्षाप्रद कहानियां' विषय पर संगोष्ठी



**ओरमांझी :** आर.टी.सी.कॉलेज के संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृत साहित्य में पंचतंत्र की शिक्षाप्रद कहानियां' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए प्राचार्य डॉ.भीम महतो ने कहा कि पशु-पंछियों के माध्यम से मानव में व्यवहारिक चेतना का जागरण करना पंचतंत्र का विषय- वस्तु रहा है। यह पांच तंत्रों मे विभाजित पं.विष्णु शर्मा जी की इस अमर कृति में जीवन के लिए गहरे रहस्य छिपे हैं। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रो.शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है।जिसमें ज्ञान- विज्ञान, संस्कृति एवं अध्यात्म सहित मानव प्रगति के सारे आयाम समाहित हैं। उन्होने आगे कहा कि संस्कृत देववाणी ही नहीं बल्कि यह मनुष्यता को देवत्व के रूप में रूपांतरित करने का माध्यम है। संगोष्ठी को प्रो.रीता कुमारी, प्रों एकबाल अंसारी, प्रो.प्रेमनाथमुंडा, प्रो.रेणु चौधरी, नीतू कुमारी, टिकेश्वर चौधरी उपस्थित हुए।

### शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दीपु कुमार और कुंदन कुमार शामिल है। दोनों बिहार के पटना के रहने वाले हैं। एएसआई रवि शेखर ने मंगलवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरपीएफ ने 23 शराब की बोतल जब्त की। बरामद शराब की कीमत 19 हजार 600 रुपये है।

एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

# नशा से होता है जन, जीवन व समाज प्रभावित : राजेश सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को राम लखन सिंह यादव कॉलेज और सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी, बरियातू रांची में नशा उन्मुलन, नशा से होनेवाले दुष्प्रभाव एवं महिलाओं पर केंद्रित किये गये कानून पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, सीआईडी से रिजवान अंसारी, एनसीबी से मनोहर मंजूल, आनंद कुमार, स्कूल के प्रिंसिपल दीपक कुमार, पीएलवी सम्पा दास, प्रीति पाल, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, शिक्षक-शिक्षिकाए एवं राजा वर्मा व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी एवं औषधि और प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में फोकस किया। श्री सिन्हा ने महिलाओं से संबंधित कानून के बारे में भी विस्तार से चर्चा किये। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा के द्वारा भी नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला गया, उन्होंने नशा से होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा न कर मनुष्य स्वस्थ रहता है। नशा शरीर की गुणवत्ता को समाप्त कर देता है। इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। नशा से परिवार का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होता है, जिसका भरपाई कदापी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि नशा के आदि व्यक्ति का पूरा पैसा नशा करने में खर्च होता है, जिसका प्रभाव उसके परिवार पर पड़ता है और परिवार नष्ट हो जाता है। नशा का आदि व्यक्ति पागलों की तरह इधर-उधर घुमता रहता है, जिससे उसका मान-सम्मान भी समाप्त हो जाता है। आनंद कुमार ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना, अर्थात नशे का सेवन करने से बचाव या उसकी नशा को दुर करने का प्रयास है। सीआईडी-रिजवान अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा के चपेट में आकर नशीली पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहे है। नशा से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। नशा के रोकथाम के लिए कई कार्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। यह भी ज्ञात हो कि अन्य वक्ताओं ने भी नशा उन्मूलन पर फोकस किये और महिला से बनाये गये कानून पर चर्चा किये।

## चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ERO, DEO या CEO के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किये हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को अप० 04:00 बजे रांची समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' के कमरा संख्या 207 में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की जा रही है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं।

# न्यायायुक्त रांची दिवाकर पांडे ने बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा रांची का किया औचक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण न्यायायुक्त दिवाकर पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, निबंधक व्यवहार न्यायालय रांची प्रसांत वर्मा बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर व अन्य पदाधिकारी, उपस्थित थे। ज्ञात हो कि न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के किचन का निरीक्षण किए और कैदियों को दिए जाना वाला खाना का निरीक्षण किया और इसमें अनियमता को देख कर जेल प्रशासन को को सख्त निर्देश दिया गया की जेल मैनुअल के अनुसार ही सभी कैदियों को खाना दिया जाना चाहिए उन्होंने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा अस्पताल का निरीक्षण किया और उपस्थित डॉक्टर और नर्स से बात चीत कर उन्हे निर्देश दिया गया की ईलाज में किसी तरह की लापरवाही न बरतें और पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध रखे साथ ही जेल में स्थित सभी वार्डों का निरीक्षण किया साथ ही महिला वार्ड का भी निरीक्षण किए और जेल प्रशासन को ये निर्देश दिए की महावारी के समय महिला बंदियों को प्रयाप्त मात्रा मे सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए वहां के बंदियों के समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किये एवं जेल के बंदियों के समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए दिशा-निर्देश दिये। संबंधित पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि कैदियों को भी सरकार की ओर मिलने वाली सुविधाएं पाने का हक है। हमें उनपर गहण मंथन करने की आवश्यकता हैं। हर हाल में उनको उनकी सुविधाओं से जोड़ा जाएं। बीमार होने पर उनका ईलाज कराया जाय इस संबंध में उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार प्रत्येक माह में जेल अदालत के दिन ही अलग से मेडिकल कैंप की व्यवस्स्था जेल के अंदर की गयी है।

## केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, रांची में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**रांची :** केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, रांची में सुजीत कुमार साहू, महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख के कुशल नेतृत्व एवं अध्यक्षता में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति कुमारी, आईएएस, संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर शालिनी सिंह, भारतीय सेना, डीपा टोली कैंट, रांची उपस्थित रही।

# आरबीआई क्षेत्रीय निदेशक ने एक्सआईएसएस में वित्तीय समावेशन और साक्षरता सत्र को किया सम्बोधित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की राष्ट्रव्यापी शैक्षिक पहल आरबीआई@90 के तहत वित्तीय समावेशन और साक्षरता पर एक जानकारीपूर्ण सत्र का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य पूरे भारत में 90 संस्थानों में वित्तीय जागरूकता फैलाना है। यह सत्र मंगलवार को संस्थान परिसर में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लिया गया। सत्र के दौरान, श्री सिंह ने डिजिटल लेनदेन के इस दौर में वित्तीय साक्षरता की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भले ही भारत दुनिया के कुल डिजिटल लेनदेन का लगभग 48% योगदान देता है, लेकिन देश में केवल 27% आबादी के पास वित्तीय ज्ञान है और मात्र 17% छात्र ही पर्याप्त वित्तीय जागरूकता रखते हैं। यह अंतर दर्शाता है कि वित्तीय शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। सत्र के दौरान, वित्तीय जागरूकता को आधुनिक युग की सबसे महत्वपूर्ण साक्षरता बताया गया। डिजिटल भुगतान और बढ़ते धोखाधड़ी मामलों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें विभिन्न धोखाधड़ी के उदाहरणों के साथ उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। एक अन्य सत्र में धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर जोर दिया गया, जिसमें प्रमुख सुरक्षा उपायों जैसे कि–

अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करना, भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन न करना, आदि पर चर्चा की गई।

## हुटुप गोशाला धाम में 09 दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 17 मार्च से



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची गोशाला न्यास के हुटुप गौशाला धाम परिसर( ओरमांझी) में 17 मार्च से 25 मार्च तक भव्य श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रभारी वासुदेव भल्ला एवं मुकेश काबरा ने बताया कि 9 दिवसीय श्री राम कथा की कथा व्यास सुश्री संगीता किशोरी 17 मार्च से 25 मार्च तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक श्री राम कथा का वाचन करेगी। जो अपने आकर्षक और प्रेरणादायक शैली के लिए विख्यात है। कथावाचक सुश्री संगीता किशोरी जी का राम कथा में विशेष योगदान है उनका कथा वाचन शैली सहज और दिन को छूने वाली होती है जिससे श्रोताओं को कथा के प्रत्येक प्रसंग में रमने का अवसर मिलता है उनकी वाणी में एक विशेष मिठास और प्रभावशीलता है जो सुनने वाले की हृदय को छू जाती है उनके द्वारा किए गए राम कथा के वाचन में सुनने वाले गहरी श्रद्धा और भावनाओं के राम के आदर्शों को आत्मसात करते हैं।

# रंगों की बौछार व उमंग की फुहार में सराबोर हुआ होली मिलन समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** होली का त्योहार केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि मिलन, प्रेम और उल्लास का प्रतीक भी है। इसी भावना को जीवंत करते हुए, भाजपा प्रदेश मंत्री (महिला मोर्चा) नीलम चौधरी एवं लक्ष्य विकास हमारा प्रयास एनजीओ की अध्यक्ष कुमारी अनुपमा के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन गाला बैंक्विट हॉल, सेक्टर-2 धूर्वा में किया गया। इस रंगारंग आयोजन में सैकड़ों महिलाओं, बच्चों और युवतियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। सभी रंग-बिरंगे परिधानों और काले चश्मों में सजकर आए थे, जिससे पूरा माहौल एक सतरंगी उत्सव की तरह प्रतीत हो रहा था। गुलाल और अबीर के रंगों में सराबोर चेहरों को पहचानना भी मुश्किल हो गया था। हर ओर रंगों की बौछार और हंसी-ठिठोली का दौर चल रहा गीत ,संगीत, नृत्य और हंसी-मजाक के साथ मस्ती का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान रंग बरसे भीगे चुनरिया वाली और योगी जी जैसे लोकप्रिय गानों पर महिलाओं और युवतियों ने धमाल मचाया। हर कोई नृत्य करने और इस उत्सव का आनंद लेने में मग्न था। नृत्य प्रतियोगिता, होली विशेष गायन और खेल-कूद जैसी कई मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नीलम जी और अनुपमा जी के नेतृत्व में यह आयोजन पूरी तरह से सफल रहा। उनकी प्रेरणा और आयोजन कौशल से इस कार्यक्रम ने एक स्मरणीय और प्रेरणादायक रूप ले लिया।

## अग्रसेन पथ स्थित श्याम मन्दिर में तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव का हुआ भव्य समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव का आज तीसरे दिन अग्रसेन पथ स्थित श्याम मन्दिर में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर राजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का भव्य एवम नैनाभीराम श्रृंगार किया गया। अहले सुबह से ही श्री श्याम प्रभु का द्वादशी दर्शन के लिए अपार जनसमूह उमड़ पड़ा । सम्पूर्ण दिवस भक्तगण कतारब्रध होकर श्री श्याम प्रभु का दर्शन कर ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया जो सम्पूर्ण दिवस प्रसाद रूपी मन्दिर प्रारंग से भक्तगण के बीच वितरण किया गया साथ ही सम्पूर्ण दिवस श्री श्याम मन्दिर का परिसर श्याम प्रभु के जयकारों से गूंजता रहा साथ ही भक्तों द्वारा 401 सवामणि का भोग श्याम प्रभु को निवेदित किया गया साथ ही श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा रात्रि 8 बजे से संगीतमय संकीर्तन पूरे मंदिर परिसर को श्याममय बना दिया।

# अखंड ज्योत सवामणि से प्रारम्भ महाभंडारे का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज प्रातः 5:00 बजे पट खुले तब एकादशी संकीर्तन में शामिल सैकड़ो भक्तों और नियमित श्याम प्रेमियों ने बाबा के मंगला दर्शन कर मंगला आरती की। मंगला आरती के बाद बाबा के पट श्रृंगार के लिए कुछ देर के लिए लगाए गए । पुनः श्रृंगार करके पट को श्रृंगार आरती के समय खोलकर आरती की गई। बाबा की बड़ी द्वादशी के शुभ अवसर पर जेपी सिंघानिया ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की 9:15 बजे के पहले ज्योत लेने के लिए दरबार में सैकड़ो की संख्या में भक्त लाइन में लगे हुए थे। निरंतर अखंड ज्योति का कार्यक्रम रात्रि तक चलता रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने अखंड ज्योति में आहुति देकर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। अखंड ज्योति के साथ ही सैकड़ो भक्तों ने महाभोग पूर्ण सवामणि भोग फल सवामणि भोग मेवा सवामणि भोग बाबा श्याम को भोग अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने 12.30 बजे श्याम बाबा को रसोई का भोग लगाया। 4:30 बजे से आमजनों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक निरंतर चलता रहा । लगभग 15000 से ज्यादा लोगों ने इस भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया। संध्या 6:15 बजे बाबा की द्वादशी संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो की देर रात तक चलती रहा ।आज के संकीर्तन में मंडल के सदस्य एवं स्थानीय कलाकारों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्याम मित्र मंडल के श्रवण ढानढनिया श्यामसुंदर शर्मा सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल मोनू पवन शर्मा मदन सोनी राजन जोशी रवि जोशी विभोर डागा तनय काठपाल एवं अन्य ने बाबा के दरबार में भजनों के हाजिरी लगा भक्तों को भावविभोर किया। महाभंडारे के प्रसाद में छप्पन भोग चूरमा खीर प्रसाद पूरी चना की सब्जी का वितरण किया गया।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के शताब्दी वर्ष का भव्य भूमि पूजन आयोजित, 30 को कलश स्थापना



**रांची :** राजधानी रांची के भुताहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से चैती दुर्गा पूजा शताब्दी वर्ष की और चैत्र नवरात्र को लेकर पंडाल निर्माण के कार्य का शुभारंभ आज पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। भूमि पूजन मंगलवार को किया गया। पूजा के सभी अनुष्ठान मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा की ओर से विधि विधान पूर्वक संपन्न कराए गये। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि इस साल पहले से बड़ा और आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाएगा। सती मां दुर्गा की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजा धूमधाम से की जाएगी। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, अध्यक्ष शंकर दुबे,कार्यकारणी अध्यक्ष दीपू सिंह,महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह),के अलावा कई अन्य भक्त भूमि पूजन में शामिल हुए।

# फिल्मी गीतों से गुलजार हुआ बिरसा मुंडा फन पार्क

■ मां शारदा संगीत संस्थान के विद्यार्थियों ने दी अदभुत प्रस्तुति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, मां शारदा संगीत संस्थान एवं रिलेशंस की ओर जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में 'मेरी आवाज' कार्यक्रम के तहत मां शारदा संगीत संस्थान के विद्यार्थियों ने अपने गीतों के माध्यम से अदभुत प्रस्तुति दी। इस मौके पर उभरते गायक अंचल भारद्वाज ने अभी अभी तो मिले हो,क्या मुझे प्यार है, तू ही ये मुझको बता दे, मिलने है मुझसे आई गीतों को गाकर युवाओं को झूमने पर मजबुर कर दिया वहीं गायिका निशा कुमारी ने तुम्हीं मेरे मंदिर, मेरे घाघरे में, गायक अंश ने पानी द रंग व गायिका श्रेया ने लबों को लबों पे गीत गाकर दर्शकों को खूब झुमाया। इस अवसर पर गायकों को उनके म्यूजिशियन सौरभ कुमार गिटारिस्ट, अंकित गिटारिस्ट, आदित्य क्लैपबॉक्स भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि डी ए वी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा जी ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी व मां शारदा संगीत संस्थान के सचिव अजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, मुन्ना दास का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# एसबीयू के नर्सिंग विभाग में कार्यक्रम आयोजित





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला यूनिवर्सिटी) रांची में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर और फ्लोरेंस नाइटिंगल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने मानव सेवा, दृढ़ता ,कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में अपने उदगार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र किशोर शाही, मुख्य निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, झारखंड सरकार ने कहा कि आज के दौर में अस्पतालों में नर्सों की भूमिका चिकित्सकों के मुकाबले ज्यादा हो चुकी है। मरीज की सेवा-सुश्रुषा से लेकर इलाज तक की अहम जिम्मेवारी नर्सों की होती है। पहले नर्सिंग के पेशे को लेकर लोगों का नजरिया नकारात्मक हुआ करता था, लेकिन आज लोग इस पेशे से जुड़े लोगों का सम्मान करते हैं। नर्सिंग के मूल मंत्र 'सेवा' की भावना को उन्होंने पवित्र बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान के निदेशक डॉ. वी. के. चौधरी ने नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक नर्स के लिए मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। उन्होंने नर्सों को अस्पताल की रीढ़ करार दिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने समाज में नर्सों के योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नर्सों को ईश्वर ने ही मानवता की सेवा करने के लिए भेजा है। कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में मानव सेवा को ही ईश्वर की सेवा करार दिया। सेवा की भावना को आत्मसात कर अपना जीवन समर्पित करने नर्सों का उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को विवि के कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, विभाग की प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा एवं नर्सिंग और योग विभाग के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रफुल्लो बारजो और धन्यवाद भाषण उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन के लिए विवि के माननीय कुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नेत्रहीन बालिकाओं ने वृद्धाश्रम में होलिका मिलन समारोह का किया भव्य आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय, बड़गाईं, बरियातू,राँची की प्रतिभाशाली दिव्यांग बालिकाओं ने होली के शुभ अवसर पर बरियातू स्थित वृद्धाश्रम में एक अद्भुत होलिका मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन ने वृद्धाश्रम के निवासियों को अपार हर्ष और भावनात्मक संबल प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत बालिकाओं द्वारा भजन और होली गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। इसके बाद, बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें ऊर्जावान नृत्य और सुमधुर गायन शामिल था। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया और वृद्धजनों को आनंद से भर दिया। वृद्धाश्रम के निवासियों ने बालिकाओं को गुलाल लगाकर आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अध्यक्षा सुशीला गुप्ता ने कहा, यह आयोजन हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। इन बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से साबित कर दिया कि दिव्यांगता किसी की सफलता में बाधा नहीं बन सकती। उनकी प्रस्तुति ने हमारे दिलों को छू लिया।

# त्योहार में मादक पदार्थ व अवैध शराब बिक्री करनेवालों पर होगी कार्रवाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार तथा बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने मंगलवार को समाहरणालय में होली एवं रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति में जोड़ें। संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च करें और विशेष निगरानी रखें। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ करें। आयुक्त ने शराब पीकर और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने, कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, क्विक रिस्पांस टीम (क्यू.आर.टी.) प्लान तैयार करने, चौबीस घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव रखने, थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थल को चिह्नित करने, मादक पदार्थ एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान आयुक्त एवं डीआईजी ने कोयला एवं बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी दिशा निर्देश दिये।

**समीक्षा**

इसके लिए अवैध खनन स्थलों पर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छापामारी करने, मुहानों की डोजरिंग करने, अवैध खनन के रूट पर छापामारी करने, अवैध खनन की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने, वर्चस्व स्थापित करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक ह्दीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, राज्य कर सहायक आयुक्त ध्रुव नारायण राय, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, नौशाद आलम, शंकर कामती, अरविन्द कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, सीआइएसएफ के कमांडेंट विशाल शर्मा, सहायक कमांडेंट एल. गौतम मौजूद थे।

## टाइगर फोर्स ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**केंदुआडीह(धनबाद) :** टाइगर फोर्स होली मिलन समारोह का आयोजन केंदुआडीह के छठ तालाब के पास हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि टाइगर फोर्स धनबाद जिला महामंत्री अवधेश पासवान ने कहा कि इस क्षेत्र के हर सुख दुख में मैं सभी के साथ, सबका आवाज बनकर उठाता रहूंगाऔर सबके सुख-दुख में खरा उतारूंगा। श्री पासवान ने क्षेत्र के सभी लोगों को शांति और अमन के साथ होली का त्यौहार मनाने का संदेश दिया और होली मिलन में रंग अबीर लगाकर होली खेले एवं बड़े बुजुर्गों को माला पहनाकर स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में गायक शंकर व्यास, सपन बनर्जी, टिंकू महतो, संदीप श्रीवास्तव, सोनू मलिक, दीनानाथ पासवान, पंकज सिंह, आशीष चौहान,सोनू चौहान, रामप्रवेश दास, रामबालक पासवान, राजेंद्र पासवान, सुनील पासवान, अमित पासवान, विक्रम सोनू, कमलेश पासवान, दिलीप पासवान और अन्य क्षेत्रों के टाइगर फोर्स के सक्रिय कार्यकर्ता एवं अतिथि उपस्थित हुए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रंगोत्सव 15 को

**झरिया (धनबाद) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झरिया नगर के तत्वावधान में होली के शुभ अवसर पर 15 मार्च की सुबह रंगो उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता नगर भ्रमण कर रंगोत्सव मनायेंगे। गौरतलब हो कि झरिया कोयलांचल के आचार्यों व पुरोहितों ने सर्वसम्मति से 15 मार्च को-होली मनाने का निर्णय लिया है। आचार्यों के अनुसार 13 मार्च गुरुवार को भद्रा रात्रि 10.37 बजे तक है,अतः होलिका दहन 10.37 के बाद होगा। 14 मार्च दिन शुक्रवार को 12.37 दिन तक पूर्णिमा तिथि है, इसलिए 14 मार्च को रंगोत्सव नहीं होगा। अतः 15 मार्च दिन शनिवार को कोयलांचल में होली मनायी जायेगी।

## होली पर निजी वाहन चालकों के दीक्षा महिला मंडल ने किया सम्मानित



**कतरास (धनबाद) :** सिजुआ स्थित ऑफिसर्स क्लब में होली के अवसर पर मंगलवार को क्षेत्र में कार्यरत निजी वाहन चालकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता द्वारा फुलपैंट, शर्ट का कपड़ा, रंग, गुलाल और खाद्य सामग्री वितरित की गई। यह आयोजन प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रज्वला महिला मंडल सिजुआ क्षेत्र के अध्यक्ष शशि प्रसाद ने मुख्य अतिथि श्रीमती मिली दत्ता, उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पूर्विता रमैया और नमिता सहाय का तिलक और पुष्पों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद महिला मंडल की सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने मुख्यालय से आई हुई सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मिली दत्ता ने प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र की सराहना करते हुए उनकी पहल की तारीफ की और महिला सशक्तिकरण के इस सुंदर उदाहरण को प्रेरणादायक बताया।

## विधानसभा में आयोजित होली मिलन में शामिल हुई रागिनी सिंह



**धनबाद/रांची :** झारखंड विधानसभा में आयोजित होली मिलन समारोह में मंगलवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह सम्मिलित हुई। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को होली की विशेष बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक नीरा यादव, विधायक राज सिन्हा, विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य विधायक व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान वहां मौजूद महिला पत्रकारों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## यादव महासभा भवन में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन



**धनबाद :** सबलपुर सहयोगी नगर स्थित यादव महासभा भवन में सोमवार को यादव परिवार का होली मिलन समारोह आर.एन. यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह का संचालन गोपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोग फगुआ गीत गायक के गीतों पर तालिया बजाकर झूमे व खूब आनंद लिया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। महासभा के मीडिया प्रभारी गोपाल यादव ने कहा होली आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। होली मिलन समारोह में महासभा के संरक्षक रामाधार यादव, योगेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव, गोपाल यादव, बैजनाथ यादव, रामस्वरूप यादव, बाबूलाल सांवरिया, लाल बहादुर यादव, निरंजन गोप मुखिया, राजेश्वर सिंह यादव, तारकेश्वर यादव एवं सदस्य भूटका यादव, मिथिलेश कुमार यादव, लक्ष्मण यादव, विक्रम यादव, जगन्नाथ सिंह यादव, लालमुनि सिंह यादव, नंदकुमार चौधरी, के. एल. चौधरी, विनोद यादव, रमेश यादव, विद्यांचल यादव, सियाधर सिंह, रमेश सिंह, यादव सुरेश यादव, मनोज कुमार, रामबली यादव, रामनाथ यादव, मुन्ना यादव, सुरेश यादव, विनोद यादव, टुनटुन यादव, राधेश्याम यादव, उदय यादव, दिनेश यादव, दिलीप यादव, संजय यादव, जयप्रकाश यादव, कुमुद यादव समेत अन्य होली मिलन में मग्न थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**धनबाद :** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की धनबाद जिला कमेटी ने मंगलवार को असरफी हॉस्पिटल के समीप एक निजी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली के रंग में सराबोर हो गए। समारोह के दौरान मंच से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कमेटी ने समस्त धनबादवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और इस त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने अपने पारंपरिक फगुआ गीतों से माहौल को जीवंत बना दिया। उनके गीतों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। होली मिलन समारोह में जेएमएम के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, मुकेश सिंह, नीलम मिश्रा, रतीलाल टुडू, मदन महतो, हरीश सिंह, अनवरी खातून, मंटू चौहान, मिराज खान समेत कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा सभी समुदायों और धर्मों को साथ लेकर चलने का काम करती है। हम इस होली पर सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील करते हैं। साथ ही झारखंड में जेएमएम की नई सरकार बनने पर सभी को बधाई देते हैं। यह सरकार झारखंड के विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। कार्यक्रम ने धनबाद में होली के उत्साह को और भी बढ़ा दिया और पार्टी के नेताओं ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया।

## होटल एचआरएस का भव्य उद्घाटन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** शहर के होटल व्यवसाय में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, और इसी कड़ी में मंगलवार को श्रमिक चौक के समीप स्थित होटल एचआरएस का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल की धर्मपत्नी वीणा शेखर अग्रवाल एवं अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर होटल का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में चंद्रशेखर अग्रवाल, उनके पुत्र शीतेश अग्रवाल और शहर के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

**बेहतर सुविधाओं के साथ प्रतिस्पर्द्धा में उतरा एचआरएस**

**होटल** एचआरएस के संचालक एमडी शीतेश अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि धनबाद में होटल व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि उनका होटल ग्राहकों को बेहतर और उन्नत सेवाएं प्रदान करेगा। प्रीमियर और स्वीट कमरेः ग्राहक की प्राथमिकता के अनुसार विकल्प होटल एचआरएस में कुल 20 कमरे हैं, जो प्रीमियर और स्वीट दो श्रेणियों में विभाजित हैं। दोनों श्रेणियों की दरें अलग-अलग रखी गई हैं। संचालक के अनुसार, होटल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो ग्राहकों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।

**ग्राहकों के लिए विशेष सुविधाएं**

**होटल** में ठहरने वाले ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के साथ-साथ आरामदायक और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि होटल को ग्राहकों की जरूरतों और उनके बजट के अनुसार डिजाइन किया गया है।

## पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का मॉक ड्रील

**धनबाद :** होली, रमजान और ईद के मद्दे नजर मंगलवार को पुलिस ने मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। धनबाद पुलिस केंद्र में वरीय पुलिस उपाधीक्षक सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बवाल और दंगा नियंत्रण का मॉक ड्रिल किया। इस दौरान दंगा होने की स्थिति में उससे निपटने और लोगों को नियंत्रित करने का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रचारी प्रवर, सर्जेन्ट समेत जिला पुलिस बल, जैप के जवान एवं चौकीदार शामिल थे। मॉक ड्रिल के दौरान डीएसपी महोदय ने दंगा नियंत्रण के लिए आवश्यक शस्त्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को शस्त्रों के सटीक प्रयोग का पूर्व अभ्यास भी कराया। प्रशिक्षण के दौरान कई विशेष टीमों का गठन किया गया। इनमें पुलिस पार्टी, सिविल पुलिस पार्टी, फायर फाइटिंग पार्टी, लाठी पार्टी, चिकित्सा पार्टी और रिजर्व पार्टी शामिल थीं।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार 10 मार्च 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी एच. पी. जनार्दनन ने देर रात मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व एसएसपी ने मंडल कारा में प्रतिदिन संधारित की जाने वाले विभिन्न पंजियों आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कारा सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे, वार्ड, बैरक आदि की सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान 3 मोबाइल फोन, चार्जर, ईयरबड आदि बरामद हुए। जिस पर अग्रतर कार्रवाई करते हुए धनबाद थाना में नामजद एफआईआर किया गया। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने संबंधित पदाधिकारी को सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कारा की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त ने बताया कि यह निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु रूटीन निरीक्षण है। मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, सिटी एसपी अजित कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड आर्डर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, सीओ गोविंदपुर, पुटकी, झरिया, तोपचांची, बाघमारा, बीडीओ गोविंदपुर समेत अन्य पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहें।

## लोजपा नेता बेलाल खान के आवासीय कार्यालय में इफ्तार पार्टी का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** लोजपा के प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष बेलाल खान के आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर एक नंबर में युवा वेलफेयर फेडेशन की ओर से दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आपसी भाईचारा को बढ़ाने के लिए 25 वार्षिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया है। इस अवसर पर नमाजियों को नमाज पढ़ने की भी व्यवस्था किया गया था। सभी ने मुल्क में सलामती की दुआ मांगी है। ताकि भाईचारे बने रहे। पार्टी में शामिल कॉग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता, कृपाल सिंह, डॉक्टर एस अहमद, मिठू खान, इरशाद खान, शमसाद खान, नौशाद खान, सरफराज आलम, आदि थे।

## स्व. रामपरीखा की धर्मपत्नी की मनी पांचवीं पुण्यतिथि

**पाथरडीह (धनबाद):** मंगलवार को समाजसेवी स्वर्गीय राम परीखा जी की धर्मपत्नी स्वः रूपा देवी का पांचवीं पुण्यतिथि झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह मदन राम के आवासीय कार्यालय में मनाया गया। आये हुए अतिथियों ने स्वर्गीय रूपा देवी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदन राम, रूपाली देवी, तेजस चंद्रवंशी, रितिका चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार समरेंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, शांतनु कुमार अवधेश तिवारी, रविंद्र पासवान, रामाशीष चौहान, सुनील राय, वीरेंद्र जी, सुबोध वर्मा, मनीष कुमार, गणेश भारती, शुभम राम, आलोक खरवार आलोक कुमार, अंकुश, प्रेम, बब्लू, सदरे आलम, महफूज आलम, राजू हरि, पिंटू इम्तियाज, बादशाह खान, हरिप्रसाद, भीम बाउरी, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद अनवर, रमेश पासवान, जावेद खान, हैदर अली, राजू कुमार, मोहम्मद जसीम, सुरेश गुप्ता, दिलीप रवानी, आदित्य नारायण, दिनेश खरवार, राहुल कुमार, शकीला बानो, सब शेख, अजय पासवान, गामा सिंह, राजेश कुमार राम, आदि उपस्थित थे।

## प्रभु श्याम को अर्पित 56 भोग के साथ तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद) :** तीन दिवसीय श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को छप्पन भोग प्रभु श्याम को अर्पित किए गए। इसके बाद भक्ति गीतों की गंगा बहती रही। राजस्थान से पधारे बाबा श्याम के भक्त मनीष घी ने 'हम रोते हुए भी हंसते हैं, ये पल बहुत याद आते है दरबार में.....' श्रीकृष्ण गोविंद हो मुरारी, अब कृपा कर दे सांवरिया.....' खाटूवाले श्याम सांवरिया तू सेठ हमारा है....' खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं। 'विनती म्हारी सुन लिज्यो श्याम आदि सुंदर भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। कानपुर से आयी भजन गायिका कंचन त्रिवेदी ने 'मेला' और श्याम बुलाया रे.....'खाटू में इस साल धूम मची है.... 'हर गली हर नुक्कड पे बाबा के इस फाल्गुन मेले में धूम मची है..., 'मेरा सांवरिया गिरधारी, दीवाना तेरा आया, बाबा तेरी नगरी में..... हारे हुए लोगों के संग श्याम प्रभु.... 'बाबा श्याम का फागुन का नजारा. .आदि भजनों पर भक्तगण थिरकते रहे। मौके पर रघुवीर गोयल, शिवकुमार अग्रवाल, नवीन पोद्दार, आलोक लॉयलका, राजेश तुलस्यान, नरेश अग्रवाल, धर्म प्रकाश खेतन, विवेक सिंघल, संदीप कथूरिया, अभिषेक अग्रवाल, आयुष जलान, रमेश लोयलका, कैलाश लोयलका, यशवंत, संजय केडिया आदि मंदिर कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## कोटलडीह में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर नगर भ्रमण

**धनबाद :** मंगलवार को कोटालडीह ग्रामिण युवाओं के द्वारा श्रीमद्भागवत के कथा ज्ञान यज्ञ हेतु नगर भ्रमण किया गया। आगामी दिनांक 22 मार्च को कोटालडीह ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का सप्ताह व्यापी भव्य आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम दिनांक 22 मार्च से 29 मार्च तक तक विद्वान प्रवचक बागेश महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्त जन रसास्वादन करेंगे। इस आयोजन में सभी श्रद्धालुगण को कमिटी ने सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनने का आग्रह किया है।

# बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं होंगी सुदृढ़ : आयुक्त



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग सह अध्यक्ष झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली, साफ सफाई, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। साथ ही एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन, मेधा डेयरी बूथ तथा बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा के लिए टाउन आउट पोस्ट (टी.ओ.पी.) स्थापित करने का प्रस्ताव, भूमि हस्तांतरण तथा आवास ऑनरशिप ट्रांसफर में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के क्रम में आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पलानी मोड़ वाया फेज 5 से रानी रोड का चौड़ीकरण व मरम्मत, फेज 1, 2 एवं 3 में नालियों एवं सेप्टिक टैंक की साफ सफाई, सड़क चौड़ीकरण व पेवर ब्लॉक बिछाना, सुलभ शौचालय का निर्माण, पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए पाइपलाइन बिछाना, वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का प्रस्तावित बजट, ऑडिटर की नियुक्ति, शॉपिंग सेंटर में दुकानों का एलॉटमेंट सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की।

आयुक्त ने कहा कि जेआरडीए के सुचारु कामकाज के लिए प्रबंध पर्षद की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जायेगी। उन्होंने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नन लीगल टाइटल होल्डर (नन एलटीएच) के शिफ्टिंग, अलॉटमेंट एवं मुआवजा में एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त सह प्रबंध निदेशक जेआरडीए सुश्री माधवी मिश्रा, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समिरन दत्ता, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जेआरडीए प्रभारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएलओ राम नारायण खलको, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, बीसीसीएल के निदेशक (संचालन) संजय सिंह, महाप्रबंधक झरिया मास्टर प्लान फुल झा, महाप्रबंधक पर्यावरण राजीव चोपड़ा, क्षेत्रीय प्रबंधक आरआइ - 2 संजीव सिंह, जेआरडीए के सलाहकार डीएन माहापात्रा, वित्त अजय भारतीया, विद्युत अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक झलक

### पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं को भेजा जेल

**पाथरडीह (धनबाद) :** पाथरडीह थाना प्रभारी अंशु कुमार झा के नेतृत्व में मंगलवार की अहले सुबह बलियापुर के जोगनकोचा जोड़िया किनारे छापेमारी कर तीन अवैध शराब संचालक सहित भारी मात्रा में महुआ शराब व शराब बनाने की समाग्री जप्त किया। अवैध शराब संचालक दिनेश रवानी, सुभाष रवानी व मोहन भुइयां को जेल भेज दिया। जहां पुलिस ने मौके से 30 लीटर महुआ शराब जप्त किया जबकि 250 किलो महुआ जावा व शराब बनाने की कई समाग्री को नष्ट कर दिया गया। पाथरडीह पुलिस ने कांड संख्या 6/25 उत्पाद अधिनियम 47a के तहत मामला दर्ज कर तीनो शराब संचालक को जेल भेज दिया। छापेमारी से अवैध धंधेबाजो में हड़कंप मचा हुआ है। पाथरडीह थाना प्रभारी अंशु कुमार झा ने कहा कि अवैध शराब संचालक व विक्रेताओं पर लगातार अंकुश लगाया जा रहा है। छापेमारी की जा रही है क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रेताओं को बक्सा नहीं जायेगा। क्षेत्र में कही भी अवैध शराब बिक्री हो रही है तो इसकी सूचना पुलिस को दे अविलंब कार्रवाई की जायेगी।

### सांढ़ के हमले से घायल हुआ बुजुर्ग व्यक्ति, अस्पताल में भर्ती

**धनबाद :** शहर के पुराना बाजार के समीप मंगलवार की सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति सांढ के हमला से सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां बुजुर्ग की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### व्यवसाय से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं पर होगी वृहद चर्चा : प्रदीप सिंह

**धनबाद :** मंगलवार को धनबाद के स्वागतम मैरेज हॉल में झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। एसोसिएशन के महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया की आगामी 16 मार्च को धनबाद के स्वागतम मैरेज हॉल में झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के समस्त जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति होगी। इस बैठक में टेंट एसोसिएशन और टेंट व्यवसाय से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जायेगी।

### हाइवा-पिकअप वैन में टक्कर, तीन घायल

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा के बरोरा मुराईडीह के समीप असंतुलित होकर कोयला लदा हाईवा जे एच 01बी 5538 और पिकअप वैन से टकरा गया। घटना में तीन लोग घायल हो गए। हाईवा का चालक स्टेयरिंग में फंस गया। जिसे लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सभी घायल को अस्पताल भेजा गया।

### चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे की चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**धनबाद:** भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग के सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव का पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों से लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## सम्पादकीय.....

# ना-रंगी जमात की औरंगी सियासत

**सियासत** का कोई एक रंग होता तो उसे आसानी से पहचाना जा सकता था, लेकिन मुल्क की सियासत तो बहुरंगी है। इन तमाम रंगों के बीच एक रंग ऐसा है जो नारंगी होकर भी ना-रंगी है। इस ना-रंगी सियासत की जमात अलग है। फर्जी की तरह टेढ़ी-टेढ़ी चलती है ,जैसे प्यादे से फर्जी होकर फर्जी चलता है। मेरा ख्याल है कि अब आप समझ गए होंगे कि मैं किस सियासत की और किस जमात की बात कर रहा हूँ ? दरअसल मुल्क में ना-रंगी सयासत ने नैतिकता की तमाम हदों को पार कर लिया है और अब नारंगी सियासत मुल्क में औरंगी सियासत पर उतर आयी है। औरंगी यानी औरंगजेबी सियासत। अब नारंगी सियासत चाहती है कि इस मुल्क के इतिहास से न सिर्फ औरंगजेब को बल्कि इस मुल्क की धरती पर बनी औरनग्जेब की कब्र को भी तखलिया कह दिया जाये,ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी। नारंगी सियासत को लगता है कि जब तक इस मुल्क की जमीन पर औरंगजेब का नाम लेने वाली किताबें और लोग रहेंगे तब तक इस देश में नारंगियों की सियासत कामयाब नहीं हो सकती। नारंगी सियासत देश की अर्थव्यव्स्थाकी दयनीय हालत,किसानों के आंदोलन ,कुपोषण,गरीबी से परेशान नहीं है। उसे परेशानी नहीं है दुनिया के आधुनिक औरंगजेबों से जो मुल्क कि अस्मिता और समरभूता कि धज्जियां उदा रहे हैं। उसे परेशान किये हुए है चैन से दो गज जमीन के नीचे 300 साल से सोया हुआ औरंगजेब। वो औरंगजेब जो इसी मुल्क की सरजमीं पर पैदा हुआ और इसी मुल्क की सरजमीं में सुपुर्द खाक कर दिया गया। तीन सौ साल पहले चूंकि इस मुल्क में कोई नारंगी सियासत करने वाला नहीं था इसलिए औरंगजेब को दो गज जमीन भी मिल गयी वरना यदि औरंगजेब आज मरता तो उसे दफन होने के लिए बहादुर शाह जफर की तरह रंगून या एमएफ हुसैन की तरह कुवैत ले जाना पड़ता। क्योंकि नारंगी सियासत में औरंगी सियासत के लिए कोई जमीं नहीं है। ताजा खबर ये है कि ना-रंगी बिर्गेड मुगल सम्राट रहे औरंगजेब की कब्र तक खोद कर फेंक देना चाहती है। नारंगी ब्रिगेड की मांग पर महाराष्ट्र की महान सरकार कानूनी रास्ते भी खोजने में लग गयी है। औरंगजेब की कब्र पुराने औरंगाबाद में है, जिसे नारंगी ब्रिगेड ने बदलकर छत्रपति संभाजी नगर कर दिया है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी इस मामले पर बयान दिया है। फडणवीस ने कहा है कि सभी का मानना है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित औरंगजेब की मजार को हटाया जाना चाहिए, लेकिन यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र की सतारा सीट से भाजपा के सांसद और मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब के मजार को हटाने की मांग की थी। उदयनराजे से पहले उनके तमाम पुरखों के दिमाग में ये हल्का ख्याल कभी नहीं आया। वे बीती ताहि बिसार दे के सिद्धांत पर अमल करते रहे। इस शानदार मुल्क में नारंगी ब्रिगेड लम्बे इन्तजार के बाद सत्ता में आयी है। उसके दोनों और बैशाखियाँ लगीं हैं, लंगड़ाकर चलती है लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आना चाहती नारंगी ब्रिगेड। मुल्क के अमनो-अमान से उसे शायद चिढ है। नारंगी ब्रिगेड का ख्वाब तो इस मुल्क से 20 करोड़ मुसलमानों को देश निकला देने का है लेकिन वो ऐसा दस साल में नहीं कर पायी ,इसीलिए शायद अब औरंगजेब की कब्र हटाकर वो अपने ख्वाब में सांकेतिक रंग भरना चाहती है। यानि आप समझ सकते हैं कि घृणा मरकर भी नहीं मरती । तीन सौ साल बाद भी नहीं मरती घृणा अमर है अजर है।

## किसने क्या कहा



युवाओं को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा

**अमित शाह**
गृह मंत्री

बुंदेलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार, 200 एकड़ में बनेगा फार्मा पार्क

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश)



# मस्ती और ठिठोली का त्योहार होली

विशेष — डॉ. सत्यवान 'सौरभ'

**होली** एक जीवंत और रंगीन उत्सव है जो प्रेम, एकता और एकजुटता का प्रतीक है। यह हमारे मतभेदों को दूर करने और सद्भाव, क्षमा और खुशी को अपनाने का समय है। यह सर्दियों के अंत का आभार व्यक्त करने का एक रंगीन तरीका है और वसंत के आगमन का प्रतीक है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाने और हिंदू किंवदंतियों को याद करने के बारे में है। आइए हम अपने पर्यावरण का सम्मान करने और एक स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से जश्न मनाने के महत्व को भी ध्यान में रखें। आपको एक शानदार होली की शुभकामनाएं !

**रंगों** के त्यौहार के रूप में जाना जाने वाला यह जीवंत त्योहार, लोगों को एक-दूसरे पर खुशी से रंगीन पाउडर और पानी फेंकने का है। ब्रज में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में होली का उत्सव कृष्ण के बचपन और राधा और कृष्ण की कहानियों से गहराई से जुड़ा हुआ है, जिसमें कई दिनों तक जीवंत उत्सव मनाया जाता है। पंजाब के आनंदपुर साहिब में, होली के अगले दिन उत्सवों से भरा होता है, जिसमें सिख समुदाय के एक समूह द्वारा नकली लड़ाई और तीरंदाजी और तलवारबाजी की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। सबसे उत्साही और हर्षोल्लासपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक के रूप में, होली भारत में सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाती है। कई भारतीय त्यौहारों की तरह होली का भी धार्मिक महत्त्व है। इस उत्सव से जुड़ी सबसे प्रसिद्ध कहानी हिरण्यकश्यप की बहन होलिका की कहानी है। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, हिरण्यकश्यप एक राक्षस था जो भगवान विष्णु का विरोधी था, फिर भी उसका बेटा प्रह्लाद भगवान विष्णु का समर्पित भक्त था। अपने बेटे को खत्म करने के लिए हिरण्यकश्यप ने होलिका के साथ साज़िश रची, जिसके पास एक वरदान था जिससे वह आग से बच सकती थी। हालाँकि, इसका नतीजा हिरण्यकश्यप के इरादों के विपरीत था। जब होलिका प्रह्लाद के साथ आग में गई, तो वह जलकर मर गई जबकि प्रह्लाद सुरक्षित बच गया। इस घटना ने होली उत्सव की शुरूआत की। पौराणिक कथाओं में, भगवान कृष्ण को अक्सर काले रंग के साथ दिखाया जाता है, जबकि उनकी दोस्त राधा को गोरे रंग की बताया जाता है। इस अंतर के कारण कृष्ण को राधा से थोड़ी ईर्ष्या होने लगी और वह अक्सर अपनी माँ यशोदा से अपनी चिंताएँ व्यक्त करते थे। एक दिन यशोदा ने सुझाव दिया कि कृष्ण को राधा के चेहरे पर वह रंग लगाना चाहिए जो उन्हें पसंद हो। इसलिए, होली के दिन, कृष्ण ने राधा को अपनी पसंद का रंग पहनाया। तब से होली का त्यौहार कृष्ण के गृहनगर मथुरा और ब्रज में एक जीवंत उत्सव है। होली पूरे भारत में मनाई जाती है, लेकिन उत्तर में इसका विशेष महत्त्व है, जहाँ यह बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम की दिव्य प्रकृति का प्रतीक है, जो भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देता है। रबुरा न मानोर की भावना दिलों में भर जाती है जब दोस्त मेल-मिलाप करते हैं, गलतफहमियों को दूर करते हैं। यह सामूहिक क्षमा का समय है, जहाँ लोग प्यार को गले लगाते हैं और पिछली शिकायतों को भूल जाते हैं। होली से पहले के दिनों में, लोग अलाव के लिए लकड़ियाँ इकट्ठा करते हैं, जश्न मनाने के लिए आग में डालने के लिए अनाज, नारियल और छोले जमा करते हैं और नृत्य का अभ्यास करते हैं। होलिका के पुतले बनाए जाते हैं और मुख्य उत्सव से एक रात पहले छोटी होली पर होलिका को जलाने से पहले गुझिया, मठरी और मालपुआ जैसे स्वादिष्ट मौसमी व्यंजन तैयार किए जाते हैं। हालाँकि, 'छोटी' और 'बड़ी' होली के उत्सव पूरे देश में अलग-अलग तरीके से मनाए जाते हैं। भारत की विशालता के कारण, प्रत्येक क्षेत्र के अपने अलग-अलग रीति-रिवाज और परंपराएँ हैं। उदाहरण के लिए, जो क्षेत्र खुद को भगवान विष्णु का जन्मस्थान मानते हैं, वे दो सप्ताह से अधिक समय तक उत्सव मना सकते हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में, महिलाएँ पुरुषों की अस्थायी ढालों पर लाठी से प्रहार करती हैं और कुछ स्थानों पर, मजेदार चुनौती के लिए छाछ के बर्तन सड़कों पर ऊँचे लटकाए जाते हैं। होली के दौरान, पुरुष और लड़के छाछ के बर्तन तक पहुँचने के लिए मानव पिरामिड बनाते हैं और जो इसे सबसे ऊपर उठाता है, उसे 'होली का राजा' की उपाधि मिलती है। इस बीच, महिलाएँ और लड़कियाँ बाल्टी से पानी छिड़क कर उनका ध्यान भटकाने की कोशिश करती हैं। कई प्रतिभागी पुराने कपड़े पहनते हैं, सड़कों पर अबीर फैलाते हैं और खुशी से 'बुरा न मानो, होली है' या 'नाराज मत हो, होली है' गाते हैं। होली एक ऐसा उत्सव है जो एकता और आनंद की भावना को दशार्ता है। हालाँकि यह त्योहार मौज-मस्ती के लिए है, लेकिन इसे सम्मानजनक और अभद्रता से मुक्त रहना चाहिए। आजकल, कुछ युवा अनुचित व्यवहार करके होली के असली सार को छिपा रहे हैं। रासायनिक रंगों और गुब्बारों के इस्तेमाल ने त्योहार की सुंदरता को कम कर दिया है और दुर्भाग्य से इस दौरान शराब पीना एक आम बात हो गई है। होली एक पवित्र अवसर है जो हमें खुशियाँ मनाने के लिए आमंत्रित करता है, इसलिए आइए सुनिश्चित करें कि यह किसी की खुशी को कम न करे। होली को ऐसे सुरक्षित तरीके से मनाएँ जो आपके आस-पास के लोगों को आकर्षित करे। अपने उत्सव को जीवंत और प्राकृतिक रंगों से भरपूर बनाएँ।



# हिन्दू त्योहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति

गौरतलब — राम पुनियानी

इतिहासकार हेरम्भ चतुर्वेदी के अनुसार अकबर ने कुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया था। पूरे मेला क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग बड़ी संख्या में लगे हुए थे। काफी बड़ा इलाका मेले में आने वाले वीआईपी व्यक्तियों के लिए आरक्षित था, जिसकी वजह से कई बार भगदड़ के हालात बने जिनमें बहुत से लोग मारे गए।

**संघ** परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं। वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया। इस बार के कुंभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया। जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है। मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रुपए खर्च हुए होंगे। इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गया। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था।

## आज का इतिहास

- ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1365 में विश्वविद्यालय की स्थापना।
- यहूदियों को 1496 में सीरिया से बाहर निकाला गया।
- अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप 1609 में अंग्रेजों का उपनिवेश बना।
- बंगाल के अंतिम स्वतंत्र अफगान शासक उस्मान खान की लोहानी के नेकुजयाल के युद्ध में हारने के बाद गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण 1612 में मौत हो गयी।
- ब्रिटेन ने 1664 में न्यूजर्सी को नीदरलैंड से अपने कब्जे में लेकर उपनगर घोषित किया।
- अमेरिका में 1755 में भाप के पहले इंजन का इस्तेमाल खदान से पानी निकालने के लिए किया गया।
- भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड मेयो के हत्यारे शेर अली को 1872 में फांसी दी गयी।
- ब्रिटेन में मुख्य लाइन पर 1904 में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली।
- महात्मा गांधी को यूरोप के बने सामान को खरीदने और ब्रिटिश शासन की मशीनों के साथ काम करने के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के लिए 1922 में अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया था।
- डेनमार्क ने 1926 में एकतरफा निरस्त्रीकरण शुरू किया।
- कैलिफोर्निया में बने सेंट फ्रांसिस डैम के 1928 में टूट जाने से आई बाढ़ के कारण 600 लोग मारे गए।
- महात्मा गांधी ने 1930 में साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरूआत की।
- जर्मनी ने 1938 में ऑस्ट्रिया पर हमला किया।
- ब्रिटिश सैनिकों ने 1942 में अंडमान द्वीप खाली किया।
- भारत सरकार ने 1954 में साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया।
- सन 1958 में ब्रिटिश साम्राज्य दिवस का नाम 'राष्ट्रमंडल दिवस' किया गया।
- अमेरिका के मजदूर संगठन टीमस्टर संघ के अध्यक्ष जेम्स होफा को 1964 में आठ साल कैद हुई।

## सुविचार

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के सामान दूसरा कोई पाप नहीं है।

**लोकमान्य तिलक**

स्वयं कर्म, जब तक मुझे यह भरोसा होता है कि यह सही कर्म है, मुझे संतुष्टि देता है।

**जवाहर लाल नेहरू**




## इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

**शास्त्रों** में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य

**ललित गर्ग**

**आज** रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दशार्ती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। 'नेचर फूड' पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे।

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी। सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। | **तुला** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। |
| **वृष** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। | **वृश्चिक** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। |
| **मिथुन** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। | **धनु** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। |
| **कर्क** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। | **मकर** आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। |
| **सिंह** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। | **कुंभ** खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। |
| **कन्या** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। | **मीन** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। |

# महिला पुरस्कारों की गरिमा और निष्पक्षता पर उठते प्रश्न

गौरतलब — प्रियंका सौरभ

हमारे तेजी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, महिला पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। हाल ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए।

**हाल** ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। कई वर्षों से, महिला पुरस्कार मान्यता के चमकदार प्रतीक के रूप में खड़े हैं, जो उन क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करते हैं जहाँ उन्हें अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। ये सम्मान सिर्फ. समावेशन के लिए एक प्रेरणा से कहीं ज्यादा है; इनका उद्देश्य ऐसे समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना है जो अक्सर महिलाओं के योगदान को अनदेखा करता था। हालाँकि, राजनीतिक प्रभावों और बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से चुनौती के कारण इन पुरस्कारों की अखंडता अब जोखिम में है। महिला पुरस्कारों का भविष्य समाज की निष्पक्षता, मान्यता और समावेशिता के बीच संतुलन खोजने की क्षमता पर निर्भर करता है। ऐसे में ये महत्त्वपूर्ण है कि हम आगे चलकर महिला उपलब्धियों का सम्मान कैसे करते हैं। महिला पुरस्कारों ने ऐतिहासिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में महिला उपलब्धियों को स्वीकार करने और सम्मानित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे साहित्य, विज्ञान, खेल या फिल्म हो, इन पुरस्कारों ने उन क्षेत्रों में आवश्यक मान्यता प्रदान की है जहाँ महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, हमारे तेजी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, इन पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। अतीत में, महिला पुरस्कार उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता की कड़ी मेहनत से स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे, जहाँ अक्सर महिला प्रतिभा को अनदेखा किया जाता था। वे सिर्फ. समावेश के प्रतीक नहीं थे, बल्कि लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अग्रणी सफलता के प्रतीक थे। हालाँकि, आज, इन पुरस्कारों की अखंडता खोने का जोखिम है-महिलाओं की उपलब्धियों में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उनकी मान्यता का मूल अर्थ धुंधला, राजनीतिकरण या पूरी तरह से खारिज हो रहा है।

ऐसे समय में जब समावेशिता को अपनाने का दावा किया जाता है, महिला पुरस्कारों का अनूठा उद्देश्य उल्टा जोखिम में है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि समानता के उद्देश्य वाले समाज में लिंग-विशिष्ट पुरस्कार अब मौजूद नहीं होने चाहिए। लेकिन क्या सच्ची समानता उन मंचों को खत्म करने से आती है जो कभी महिलाओं की आवाज को बुलंद करते थे? समान अवसर बनाने के बजाय, हम एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहे हैं: महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए डिजाइन किए गए पुरस्कारों का मिश्रण, पुनर्उद्देश्य या पूर्ण रूप से हटाना। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। वास्तविक योग्यता का जश्न मनाने के बजाय, चयन समितियाँ राजनीतिक शुद्धता के साथ संरेखित विकल्प चुनने के लिए बाध्य महसूस कर रही हैं, जो पुरस्कारों की अखंडता से समझौता कर सकती हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### जंगली भालू के हमले में घायल मजदूर अस्पताल में भर्ती

**लातेहार** : मजदूरी के लिए घर से निकले एक व्यक्ति पर जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना महुआडांड़ प्रखंड के गड़बुढ़नी पंचायत अंतर्गत करकट गांव की है। मंगलवार को 35 वर्षीय क्षत्रपति मुंडा, पिता सुखदेव मुंडा, अपने घर से पडामबर की ओर काम के लिए जा रहे थे। रास्ते में जंगल से गुजरते समय अचानक एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह भालू को भगाकर घायल मजदूर को महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अमित खलखो ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआवजा प्रक्रिया शुरू की। वनपाल कुंवर गंझू ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार क्षत्रपति मुंडा को शीघ्र ही उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### 35 सखुआ के कटे हुए बोटे और बल्लियां बरामद

**लातेहार** : जिले के घने जंगलों में जब प्रकृति के दुश्मनों ने पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई, तो वन विभाग के जांबाज कर्मियों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। बारियातू वन क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही सखुआ की कटाई की गुप्त सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया और एक प्रभावी छापेमारी अभियान चलाया।वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने चुंबा और गड़गोमा गांव के जंगलों में दबिश दी। बालूमाथ रेंजर नंद कुमार मेहता की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई में 35 सखुआ के कटे हुए बोटे और बल्लियां बरामद की गईं। जंगल में छिपाकर रखी गई इन लकड़ियों को जब्त कर बारियातू वन कार्यालय लाया गया। इस सम्बन्ध में प्रभारी फोरेस्टर मंगल सिंह ने बताया कि तस्करों की पहचान कर ली गई है और उन पर कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने दो टूक कहा कि जंगलों की सुरक्षा सर्वोपरि है और अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज होगा। आगे कहा कि जंगल हमारे फेफड़े हैं और इन्हें नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

**गुमला** : जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गयी। जिले के दूर-दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा, जिन पर आवश्यक निर्देश दिये गये। एनएच 23 पलमा गुमला पथ निर्माण में जमीन अधिग्रहण की राशि का अवैध तरीके से भुगतान लेने की शिकायत प्राप्त हुई है। उपायुक्त ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक शिकायतकर्ता ने अंचल अधिकारी, भरनो द्वारा राजस्व दाखिल खारिज आवेदन को खारिज करने के संबंध में शिकायत की है। इस बाबत उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# होली रंगों का त्योहार के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

**ओम प्रकाश**

**मेदिनीनगर** : होली रंगों, उमंग और हर्षोल्लास का त्योहार है,जिसे पलामू सहित अन्य राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।होली का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है।होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह उन अनगिनत भावनाओं का उत्सव है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती हैं। यह दिन सिर्फ गुलाल उड़ाने और मिठाइयों का स्वाद लेने तक सीमित नहीं, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द और नई ऊर्जा का प्रतीक है। सदियों से यह त्योहार हमें सिखाता आया है कि जीवन में हर रंग का अपना महत्व है। होली की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि होली की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि होली का उल्लेख अनेक प्राचीन ग्रंथों, जैसे कि पुराणों, जातक कथाओं और संस्कृत साहित्य में मिलता है। यह पर्व न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। यह हिंदू धर्म के सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जो दो दिनों तक चलता है। पहले दिन होलिका दहन होता है, जिसे छोटी होली के नाम से जाना जाता है, और दूसरे दिन यानी रंगों की होली खेली जाती है। इस दिन लोग आपसी भेदभाव भुलाकर रंगों से सराबोर हो जाते हैं और एक-दूसरे पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाते हैं। इतिहास में यह मुगल काल से लेकर ब्रज और वृंदावन की होली तक, प्रेम और आनंद का प्रतीक बना रहा है।होली हमें पर्यावरण के अनुकूल और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए, ताकि इसकी पवित्रता बनी रहे। इस पर्व का असली उद्देश्य है नफरत को मिटाना और प्यार के रंग बिखेरना है। रंगों की बौछार, गुलाल की खुशबू, ढोल-नगाड़ों की थाप और गले मिलते अपनों की हंसी यही तो है होली।यह सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि रंगों का जश्न, उल्लास की बरसात और प्रेम की बयार है।हर गली-मोहल्ले में यह उत्सव फाल्गुन मास की पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया जाता है।होली केवल रंगों की नहीं, भावनाओं की भी है। यह उन रंगों की कहानी कहती है जो बैर मिटाकर प्रेम का संदेश देते हैं। यह त्योहार हमें एकता, सौहार्द और समरसता का पाठ पढ़ाता है। पहले दिन होलिका दहन के रूप में बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाया जाता है, और अगले दिन धुलेंडी पर रंगों की फुहार में सारा संसार भीग जाता है।

> होली रंगों की कहानी कहती है जो बैर मिटाकर प्रेम का संदेश देते हैं। इतिहास में यह मुगल काल से लेकर ब्रज और वृंदावन की होली तक, प्रेम और आनंद का प्रतीक बना रहा है। होली हमें पर्यावरण के अनुकूल और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए, ताकि इसकी पवित्रता बनी रहे। इस पर्व का असली उद्देश्य है नफरत को मिटाना और प्यार के रंग बिखेरना।



## उपायुक्त ने की राजस्व सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा

# रिकॉर्ड रूम होगा समृद्ध : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू जिले का रिकॉर्ड रूम समद्ध किया जाएगा। सक्रियता से इसकी पहल शुरू करें। अंचल कार्यालय एवं रिकॉर्ड रूम में रखे गये खतियान का मिलान होगा। जीर्ण-शीर्ण खतियान होने की स्थिति में रैयतगणों से अपील कर उनके पास सुरक्षित खतियान की कॉपी लेने का कार्य होगा, ताकि राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उपायुक्त आज समाहरणालय सभागार में जिले के अंचल अधिकारियों, राजस्व उप निरीक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ राजस्व संबंधी बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को रिकॉर्ड संधारित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि खतियान की एक कॉपी अंचल कार्यालय में रखना सुनिश्चित करें। वहीं अपर समाहर्ता एवं रिकॉर्ड रूम में भी खतियान की कॉपी का मिलान करते हुए रखवाना सुनिश्चितत करें, ताकि आम रैयतगणों को सुविधा हो। उन्होंने अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भूमि की वंदोवस्ती का डेटा बेस तैयार करने, पंजियों/रजिस्टर का ज्ञान रखने, पंजियों का संधारण करने का निदेश दिया। साथ ही अपर समाहर्ता को इससे संबंधित पीपीटी तैयार कर सभी को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी को जनता के प्रति जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निदेश दिया, ताकि सड़क जाम की समस्या से लोगों को निजात मिले। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



### लातेहार में प्रांतीय युवा यादव महासभा का होली मिलन समारोह आज

**लातेहार** : प्रांतीय युवा यादव महासभा के तत्वावधान में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपध्याय टाउन हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम की जानकारी महासभा के जिलाध्यक्ष कंचन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सौहार्द और एकता को प्रोत्साहित करना है। यह समारोह सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग एकत्रित होंगे और रंगों व खुशियों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। इस दौरान सभी सद्भाव, भाईचारे और प्रेम के रंग में रंगेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ होली गीत, नृत्य और आपसी संवाद भी होगा, जिससे समाज के लोगों में आपसी संबंध और मजबूत होंगे। इस आयोजन को लेकर पूरे जिले में उत्साह और उमंग का माहौल है। जिले भर से यादव समाज के लोगों के अलावा अन्य समुदायों के गणमान्य अतिथि भी इस मिलन समारोह में शामिल होंगे।

## लातेहार के पांच लोक कलाकारों को मिला झारखंड प्रहरी सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए बोकारो जिले के खैरा चातर ग्राम में झारखंड प्रहरी मेला का आयोजन किया गया। यह मेला विशेष रूप से भूतपूर्व सरपंच और साहित्यकार सुरेश जायसवाल की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया, जिसमें कला, साहित्य और संगीत के क्षेत्र में योगदान देने वाले कई दिग्गजों ने शिरकत की।इस खास मौके पर लातेहार जिले के पांच कलाकारों को कुरुख भाषा के संरक्षण और संवर्द्धन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें रविकांत भगत को कुरुख गायकी, रिंकू उरांव को गीतों में अभिनय, सुकुल उरांव को संगीत निर्देशन, सुजीत उरांव को कैमरा एवं एडिटिंग तथा जितेंद्र भगत को कोरियोग्राफी के लिए सम्मान मिला। यह सम्मान उन्हें पूर्व विधायक लम्बोदर महतो के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी गायक इग्नेश कुमार, धनेश लोहरा, वर्षा लकड़ा, विजय प्रभाकर, सोहनी उरांव और अंकिता बेक सहित कई नामचीन कलाकार उपस्थित रहे।इस अवसर पर रविकांत भगत ने कहा कि उनकी टीम लगातार कुरुख भाषा के संरक्षण के लिए वीडियो एलबम और शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर रही है, जिससे यह भाषा नई पीढ़ी तक पहुंचे।



## झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन की मजबूती व जनसमस्याओं के समाधान पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के गारू प्रखंड में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता गारू प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि झामुमो की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर अन्य दलों के लोग भी पार्टी से जुड़ रहे हैं। बैद्यनाथ राम ने संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल समस्याओं का समाधान संगठन की शक्ति से ही संभव है। जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव ने प्रखंड नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय नेताओं ने जनसमस्याओं को सही मंच पर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना की राशि और नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को रद्द करने जैसी उपलब्धियों को सरकार की सफलता बताया। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने झारखंड की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।



### संतोष कुमार वाजपेई के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**गुमला** : लायंस क्लब ऑफ गुमला के सचिव अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि हमें बहुत दुख होकर यह बताना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय जिला पाल लायन सीमा बाजपेई जी के पति संतोष कुमार बाजपेई जी का आकस्मिक निधन हो गया है। हमारी पूरी लायंस क्लब ऑफ गुमला की टीम उनके परिवार के साथ इस दुखद समय में खड़ी है। हम उनकी आत्मा को शांति और उनके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति और साहस की कामना करते हैं। कल संध्या 7 बजे हमने एक विशेष सभा का आयोजन किया, जिसमें हमने संतोष जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी याद में मोमबत्ती जलाई। हमने उनके परिवार को श्रद्धांजलि और शोक संवेदना भेजने का प्रस्ताव पारित किया।

## राजकीय बंशीधर महोत्सव की तैयारी शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर** : राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी शुरू हो गई है। बंशीधर महोत्सव का आयोजन 19 और 20 मार्च को होना है। तैयारियों का जायजा लेने डीसी शेखर जमुआर,एसपी दीपक पांडेय सहित जिले के कई आला अधिकारी श्री बंशीधर नगर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य समारोह स्थल गोसाईंबाग मैदान, बंशीधर मंदिर और अनुमंडल मैदान स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने तैयारियों का जायजा लेते हुए कई निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद डीसी ने बताया कि राजकीय महोत्सव को लेकर तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए एक एक बिंदु पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 मार्च को दिन 12 बजे करेंगे। उद्घाटन के पूर्व मंदिर जाकर पूजन अर्चन भी मुख्यमंत्री करेंगे। कार्यक्रम में बॉलीवुड, भोजपुरी के अलावे कई स्थानीय कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग, मंदिर और शहर की सजावट सहित अन्य विषयों पर कई निर्देश दिए गए हैं। लोगों को बैठने के लिए 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। वहीं एसपी दीपक पांडेय ने कहा महोत्सव के दौरान सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी रहेगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक को लेकर भी कई निर्णय लिए जायेगे। निर्माणाधीन बाई पास रोड के जरिए बड़े वाहनों का परिचालन महोत्सव के दौरान हो, इसके लिए भी काम किया जा रहा है।



## मंईयां सम्मान की राशि से बाजार में लौटी रौनक, होली-रमजान की खरीदारी में उत्साह

**विनय मंदिलवार**

**मनिका/लातेहार** : होली और रमजान के मौके पर सरकार द्वारा महिलाओं के खातों में मईया सम्मान की राशि के रूप में 7,500 रुपये एकमुश्त भेजे जाने से बाजार में जबरदस्त रौनक लौट आई है। इस आर्थिक सहायता से महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही हैं, जिससे स्थानीय बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। राशि मिलने के बाद महिलाओं ने होली और रमजान की तैयारियों के लिए कपड़े, मिठाइयां, सौंदर्य प्रसाधन, घरेलू सामान और पूजा-पाठ से जुड़ी सामग्री की खरीददारी शुरू कर दी है। बाजारों में उमड़ी भीड़ से व्यापारी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि सरकार के इस कदम से त्योहारी सीजन में व्यापार को संजीवनी मिली है। व्यापारियों में उत्साह, महिलाओं के चेहरे पर खुशी स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से बाजार में मंदी का माहौल था, लेकिन मईया सम्मान की राशि मिलने के बाद खरीदारी में तेजी आ गई है। कपड़ा व्यवसायी अजय गुप्ता ने बताया कि महिलाओं की संख्या बढ़ने से बिक्री में अच्छा उछाल आया है। वहीं, मिठाई और किराना व्यापारियों का कहना है कि होली और रमजान के चलते उनकी बिक्री कई गुना बढ़ गई है। जिन्हें नहीं मिली राशि, उनके चेहरे पर मायूसी हालांकि, जिन महिलाओं को अब तक यह राशि नहीं मिली है, वे निराश नजर आ रही हैं।

## पांकी थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

# सौहार्दपूर्ण रूप से होली मनाने का संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पांकी थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचल अधिकारी राज कुंवर सिंह,थाना प्रभारी राजेश रंजन, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोपो मुख्य रूप से मौजूद थे। शांति समिति के बैठक में सभी ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि पांकी क्षेत्र के सभी पंचायतों में होलिका दहन और होली पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल अधिकारी राज कुंवर सिंह ने किया। सभी प्रतिनिधियों और नागरिकों ने आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी बैठक में शामिल होकर सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को उनकी नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की जाएगी और होली का त्योहार भी सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। बैठक में यह भी सहमति बनी कि सभी समुदाय एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे।प्रशासन ने दिए सुरक्षा का निर्देश थाना प्रभारी राजेश रंजन और पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोपो ने आश्वासन दिया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।



## नशे में धुत पुलिस कर्मी ने पैदल यात्री को मारी टक्कर, इलाज के अभाव में तड़पता रहा घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : प्रखंड कार्यालय के सामने सोमवार की रात केतार थाना में पदस्थापित मुंशी अमरेंद्र कुमार जो नशे की हालत में थे ने अपनी बाइक से एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी। इस घटना में पैदल यात्री सुनील चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मुंशी को भी हल्की चोटें आईं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस कर्मी अमरेंद्र कुमार शराब के नशे में बाइक चला रहे थे और अनियंत्रित होकर बुका निवासी सुनील चंद्रवंशी को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया।

**पैसे के अभाव में अस्पताल नहीं जा सका घायल सुनील**

**घटना** के बाद पुलिस कर्मी को तो अस्पताल में उचित इलाज मिल गया, लेकिन आर्थिक तंगी से जूझ रहे सुनील चंद्रवंशी गढ़वा नहीं जा सके। परिजनों ने बताया कि उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वे उन्हें बड़े अस्पताल में इलाज के लिए ले जा सकें। उन्होंने स्थानीय पुलिस और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब कोई आम नागरिक किसी हादसे का कारण बनता है, तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन यहां एक पुलिस कर्मी के होने के कारण मामला दबाने की कोशिश की जा रही है।

## जिला नियोजन, श्रम व कौशल विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# कौशल विकास योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला नियोजनालय, श्रम विभाग एवं कौशल विकास विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की प्रगति पर चर्चा की गई।महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-चंदवा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-महुआडाड़ एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-बरवाडीह के प्राचार्यों ने अपने-अपने संस्थानों में हो रहे नामांकन एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खाली सीटों को शीघ्र भरते हुए पठन-पाठन को सुचारू रूप से संचालित किया रोजगार एवं श्रम योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने रोजगार मेले, भर्ती कैंप एवं करियर काउंसिलिंग की जानकारी दी। उपायुक्त ने निबंधन की संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए लोगों को जागरूक करने और कौशल विकास योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही, श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे कि झारखंड भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत लाभ, निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट, मातृत्व सुविधा सहायता योजना, मृत्यु/दुर्घटना सहायता, मेधावी छात्रवृत्ति, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता, विवाह सहायता योजना एवं प्रवासी मजदूरों के निबंधन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक समय पर पहुंचे और इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। वहीं सामाजिक सुरक्षा कोषांग की बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।




### उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण शिविर में सुनीं जनता की समस्याएं



**लातेहार** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। जन शिकायत निवारण शिविर के दौरान उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों की शीघ्र जांच कर समाधान किया जाएगा। इस शिविर में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से नियुक्ति, भूमि अधिग्रहण और मुआवजे से संबंधित मामले थे।

### शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने दी सख्त हिदायत



**लातेहार** : खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अधिप्राप्ति धान के सीएमआर (चावल) की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में अब तक मात्र 47 प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने विशेष रूप से मिलर आरडीएस एंड संस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीएमआर आपूर्ति में हो रही देरी पर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर सभी संबद्ध पैक्सों के सीएमआर की आपूर्ति अनिवार्य रूप से पूरी करें।

## एक झलक

### कृषि मेला में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि

**राजमहल/ साहिबगंज :** प्रखंड स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू ने शिरकत की। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसानों को उन्नत खेती के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है आप सभी किसान सरकार के कृषि से जुड़े सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने पदाधिकारी को भी पारदर्शी तरीके से किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराने को कहा। राजमहल क्षेत्र कृषि बाहुल्य क्षेत्र है यहां के किसानों को मार्केटिंग के लिए भी पदाधिकारी सहयोग करें ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

### कैलाश राय विद्यालय में इनहाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**झुमरी तिलैया :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में इनहाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू थे। उन्होंने 05 घंटे का यह कार्यक्रम संपन्न किया। आज का विषय स्कूल हेल्थ और वैलनेस था। प्रारंभ में हेल्थ की महत्ता साथ ही स्कूल हेल्थ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस कड़ी में कई तरह के कार्यकलाप संपन्न हुए। इंटरपर्सनल रिलेशनशिप की उपयोगिता पर बल देते हुए उन्होंने कहा यह विद्यालय की आवश्यकता है। मुक अभिनय के माध्यम से भी बहुतेरी शिक्षाप्रद बातें बताई गई। इस कार्यक्रम में एसनटीसी दीपक कुमार विश्वकर्मा समेत विद्यालय के सभी आचार्य जी और दीदी जी उपस्थित थे।

### महिला टोली ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**बोकारो :** नगर के सेक्टर दो बी स्थित एफ रोड़ मुहल्ले में महिला टोली द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दुसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाईया दी। वहीं गीत संगीत का भी आयोजन हुअ। जिसमें होली के गीतों पर समारोह में शामिल महिलाए जमके झुमे। होली के गीतों पर शेरो शायरी का दौर देर रात तक चलता रहा। महिलाओं ने स्वदीष्ट वैंजन का लुत्प उठाए। समारोह में रेखा, मधुलिका, अंजु, सुनीता, रम्भा, पूनम, कंचन, गुड़िया, सुजाता,मोना, पिंकी सहित काफी संख्या में महिलाए शामिल थी।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत, बाइक सवार घायल

**गुमला :** सदर थाना क्षेत्र के टोटाम्बी केऊंद टोली के समीप बाइक सवार घाघरा शिवराजपुर निवासी टुनटुन उरांव ने लूटो निवासी 68 वर्षीय महिला अघनी देवी को टक्कर मार दिया। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटना सोमवार की शाम 7 बजे की है। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। वही घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक टुनटुन एक युवक को टोटो पहुंचाने बाइक से जा रहा था। वहीं, महिला सोमवार की सुबह घाघरा बाजार जाने की बात कह कर घर से निकली थी इसी बीच सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। मंगलवार की दोपहर 12 बजे महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कृषि मेला : किसानों को नयी तकनीकों और अवसरों का मंच

# कृषि मेले में सैकड़ों किसानों ने लिया भाग

**सुजीत कुमार, ब्यूरो, साहिबगंज**

**साहिबगंज :** आत्मा समिति सहाय्य अनुदान योजना के तहत बोरियो प्रखंड परिसर, बड़हरवा प्रखंड में आयोजित कृषि मेले के बाद, राजमहल प्रखंड परिसर में अंतिम एक दिवसीय कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मेले में राजमहल, उधवा और तालझारी प्रखंडों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।

**कार्यक्रम का उद्घाटन व उद्देश्य**

**कार्यक्रम** का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजमहल गुड्डू राजा, प्रमुख लक्ष्मी उरांव, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी राजमहल मो. यूसुफ, जिला उद्यान पदाधिकारी साहेबगंज, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ साहेबगंज, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनीसुर रहमान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाना बेहद जरूरी है। यह मेला किसानों को आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती और उद्यानिकी से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान



कर रहा है।

**विधायक प्रतिनिधि राजमहल का सम्बोधन**

**विधायक** प्रतिनिधि गुड्डू राजा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, कृषि मेले किसानों के लिए नई तकनीकों, जैविक खेती एवं उद्यानिकी में उन्नति के अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के आयोजन हर मौसम में होने चाहिए, जिससे किसानों को लगातार नई जानकारियाँ मिल सकें।

**जिला कृषि पदाधिकारी का सम्बोधन**

**उन्होंने** किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की जरूरत है। यह मेला किसानों को कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और अन्य नवीन तकनीकों से अवगत कराने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए जागरूक रहना होगा।

**प्रदर्शनी एवं स्टालों का निरीक्षण**

**सभी** अतिथियों ने कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पाद, फसलों, फलों, फूलों और सरकारी योजनाओं के स्टालों का जायजा लिया। उन्होंने विशेषज्ञों और स्टाल संचालकों से संवाद कर किसानों की जरूरतों और उनकी उपयोगिता पर चर्चा की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक ने असर्वेक्षित भूमि के किसानों के लिए भी योजनाओं के विस्तार की मांग की।

**किसान समृद्धि योजना और सोलर पंप सेट प्रदर्शन**

**मेले** में किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पंप सेट का प्रदर्शन किया गया, जिससे किसान खासे उत्साहित नजर आए।

**फल व सब्जी प्रदर्शनी : नवाचारों से किसानों को मिली प्रेरणा**

**इस** प्रदर्शनी में जैविक उत्पाद, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया।

**उद्यानिकी संगोष्ठी : नवाचार और समाधान**

**संगोष्ठी** में वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को पॉलीहाउस तकनीक, जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई और मशरूम उत्पादन जैसी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर हमने अपनी पैदावार में वृद्धि की है।

## चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए चुनाव आयोग का बड़ा कदम, राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज :** भारत निर्वाचन आयोग (एउक) ने चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को पत्र भेजकर कहा है कि वे अपने सुझाव 30 अप्रैल, 2025 तक संबंधित ईआरओ (Electoral Registration Officer), डीईओ (District Election Officer) या सीईओ (Chief Electoral Officer) के माध्यम से भेज सकते हैं। आयोग ने यह भी प्रस्ताव रखा है कि वह राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक आयोजित करेगा, जिसमें चुनाव सुधारों और प्रक्रियाओं को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य चुनावी प्रणाली को और अधिक निष्पक्ष और प्रभावी बनाना है। चुनाव आयोग का यह कदम तब आया है जब हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करें और उनके सुझावों को कानूनी दायरे में रखते हुए हल करें। आयोग ने यह भी कहा है कि ऐसी बैठकों से प्राप्त सुझावों पर 31 मार्च, 2025 तक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे विकेंद्रीकृत संवाद प्रणाली का पूरा उपयोग करें और अपनी चिंताओं व सुझावों को प्रभावी तरीके से सामने रखें। आयोग ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया पहले से ही एक मजबूत कानूनी ढांचे के तहत संचालित होती है। इसमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, मतदाता पंजीकरण नियम, 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश, तथा चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देश और मैनुअल शामिल हैं। इन कानूनी प्रावधानों के जरिए चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और आयोग के 28 प्रमुख हितधारकों में शामिल हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का यह प्रयास लोकतांत्रिक प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## साहेबगंज के किसानों ने भागलपुर में किया इंटर स्टेट एक्सपोजर विजिट

**साहिबगंज :** जिला कृषि पदाधिकारी - सह- परियोजना निदेशक आत्मा, साहेबगंज के निदेर्शानुसार आत्मा समिति सहाय अनुदान योजना के तहत जिले के 45 किसानों को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर में आयोजित किसान मेला सह वैज्ञानिक सम्मेलन में परिभ्रमण कराया गया। इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, नई फसलों और आधुनिक खेती के तरीकों से अवगत कराना था, जिससे वे अपने जिले में भी इन तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि कर सकें। इस दौरान किसानों ने विभिन्न प्रदर्शन स्टॉलों पर जाकर जैविक खेती, नवीनतम बीज किस्मों, उन्नत कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की। परिभ्रमण के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और फसल सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। किसानों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और विभिन्न उन्नत तकनीकों को सीखने के प्रति रुचि दिखाई।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन समारोह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में 12 मार्च 2025 दिन मंगलवार को होली का त्योहार बहुत धूम धाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अबीर गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार का आगाज किया` इस दौरान वह लोक गीतों पर जमकर थिरके.विद्यालय में बच्चों ने चेहरे पर पेंटिंग बनाकर होली की शुभकामनाएं दीं होली में सिर्फ तीन दिन बाकी बचे हैं, ऐसे में विद्यालय में होली के अनोखे रंग देखने को मिले` स्कूल में होली की छुट्टियां 13 मार्च से शुरू हो जाएंगी। स्कूल छुट्टी होने से पहले मंगलवार को बच्चों ने स्कूलों में धूमधाम से होली मनाई. स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों के लिए होली का खास आयोजन किया गया था. होली को लेकर दीवारों पर स्लोगन



लिखे गए` बच्चों ने बढ़ चढ़कर त्योहार का आनंद लिया और शिक्षकों को अबीर गुलाल लगाकर होली खेलीबच्चों ने इस दौरान होली के गीतों पर जमकर डांस किया और अपनी कला का प्रदर्शन किया. त्योहार के मौके पर टीचर भी बच्चों के साथ बच्चे बन गए। उन्होंने भी बच्चों को अबीर गुलाल लगाया। रंग गुलाल लगाकर शिक्षकों ने बच्चों को आपसी भाईचारे का संदेश दिया. विद्यालय में ईसीए गतिविधि में विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग-अलग गतिविधियां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कक्षा क और II - होली कार्ड या पाम पेंटिंग

कक्षा III और IV - हस्तनिर्मित कागज की पिचकारी और बाल्टी

कक्षा V और VI - होली के लिए फेस मास्क

कक्षा सातवीं एवं आठवीं - कार्डबोर्ड होलिका दहन बच्चों ने स्कूल में मनाए गए होली के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस का प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बोरियों थाना, बरहेट थाना व रांगा थाना परिसर में Integrated road accident database (iRAD) एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस का प्रशिक्षण व मामले से संबंधित आंकड़ों का सत्यापन की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से प्रशिक्षक के तौर पर आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार के द्वारा संबंधित थाना प्रभारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। Integrated road accident database (iRAD) एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य रूप सZ iRAD, eDAR के तत्वावधान में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला के तीन थाना प्रभारी व केस के क्ह के साथ ऑन दा स्पॉट डेटा एंट्री कराया गया। जिला के बोरियो थाना के क्षेत्र में पूर्व में हुई। Integrated road accident database (iRAD) एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस से संबंधित मामले में लंबित मामलों को लेकर प्रशिक्षण उपरांत लंबित आंकड़ों का सत्यापन कराया गया। इस क्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी केस के IO व मनोज कुमार ज़िला iRAD प्रबंधक एनआईसी साहिबगंज उपस्थित थे।

## कोडरमा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का होली मिलन समारोह

# एकता और अखंडता का संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोडरमा की ओर से जे जे कॉलेज झुमरी तिलैया कोडरमा में कार्यकताओं शिक्षकों के बीच होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जे जे कॉलेज प्राचार्य डॉ. मिथलेश कुमार उपस्थित रहे। साथ ही रितेश माधव सर ने बताया कि होली एक उत्सव नहीं बल्कि देश एकता और अखंडता



को दशार्ता है। जिसमें भेदभाव नहीं बल्कि सभी आपस में प्रेम को दशार्ता है। होली भारत का एक अहम त्यौहार है और देश के सभी राज्यों में होली को प्रमुख रूप से मनाया जाता है। अइश्ठ पूर्व कार्यकर्ता वीरेंद्र कराटे जी उपस्थित रहे। कोडरमा नगर संगठन मंत्री नितेश कुमार,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आकाश कुमार,मिथुन कुमार, जिला संयोजक मिथलेश कुमार उपस्थित रहे।

## विधि व्यवस्था बनायें रखने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन

**राजमहल/साहिबगंज :** होली के शुभ अवसर पर राजमहल थाना परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन, पुलिस अधिकारी, शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विमल सोरेन, अनुमंडल पदाधिकारी श्यामलाल हसदा, अंचल अधिकारी मोहम्मद यूसुफ, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्र बनाए रखने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन एवं शांति समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित होली मनाने की अपील की और समाज में सद्भाव एवं एकता बनाए रखने का संदेश दिया। शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों में मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू, मोहम्मद किताबुद्दीन शेख, मोहम्मद बरकत अली, राजकुमार मंडल, सागर सुमन, अब्दुल कादिर शेख , सहित अन्य शामिल थे।

## अनुपम सारस की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

### प्रेम-प्रसंग के शक में सहेलियों ने की हत्या

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भरोसे और दोस्ती के रिश्ते को तार-तार कर देने वाली यह घटना नेतरहाट थाना क्षेत्र के सोहरपाठ गांव में घटी, जहां 16 वर्षीय अनुपम सारस की हत्या उसकी ही दो सहेलियों ने कर दी। घटना का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

**मामले की गुत्थी ऐसे सुलझी**

**26 फरवरी** को अनुपम सारस अपने घर से दो सहेलियों के बुलाने पर टांगीनाथ धाम मेला देखने निकली, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। परिवारवालों की चिंता बढ़ी और उसके चाचा चन्द्रशेखर मुंडा ने नेतरहाट थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। 13 दिन तक चली खोजबीन के बाद पुलिस को कटहल टोली के जंगल में अनुपम का कंकाल अवस्था में शव मिला। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर जब मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की गई तो चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई। मृतका की दो करीबी सहेलियों पर शक गहराया। जब उनसे कड़ी पूछताछ हुई, तो उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया।

**प्रेम-प्रसंग बना हत्या की वजह**

**पुलिस** के मुताबिक, मृतका और उसकी सहेलियों के बीच प्रेम संबंधों को लेकर विवाद हुआ था।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **ई-निविदा संख्या: टीआरडी-आरएनसी-24-25-13, दिनांक 10.03.2025; कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल में निम्न रेटेड आइसोलेटरों को उच्च रेटेड (1600ए) से बदलना; **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 2,40,21,974.80; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रु.):** ₹ 2,70,100.00; **बंद होने की तिथि और समय:** 03.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए।

(PR-1223)

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में आयोजित हुआ एनुअल स्पोर्ट्स मीट

# कबड्डी प्रतियोगिता में रेड और ब्लू हाउस का जलवा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह कोडरमा में एनुअल स्पॉट्स मीट के तहत इंटर हाउस कबड्डी कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बी आर एजुकैशनल ट्रस्ट की सदस्य आशा राय राम मिशन स्कूल दिल्ली की शिक्षिका नूपुर एवं विद्यालय के निदेशक ओपी राय तथा उपप्राचार्य नवल किशोर ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। कबड्डी प्रतियोगिता में रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस और येलो हाउस के छात्र एवं छात्राएं ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया। बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने विजेता टीम का खिताब हासिल किया जबकि रेड हाउस उपविजेता रहा।वहीं बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में रेड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और येलो हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बेस्ट रेडर का अवार्ड बिशाल कुमार और बेस्ट डिफेंडर के के लिए विशाल कुमार को दिया गया। जबकि लड़कियों में बेस्ट रेडर का अवार्ड प्रियांश्री कुमारी और बेस्ट डिफेंडर में श्रुति कुमारी को दिया गया। इसके अलावा विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें कक्षा 7, कक्षा 8 और कक्षा 9 के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में लॉन्ग जंप, शॉट पुट, स्लो साइकिल रेस, स्पून मार्बल रेस, रिले रेस और 200 मीटर दौड़ जैसे रोमांचक खेल शामिल थे। छात्रों ने इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी पुनरजन्म पर विश्वास रखते हैं जिसका एक उदाहरण यह कबड्डी है जिसमें हर खिलाड़ी मारता है और पुनः जीवित होकर और भी उत्साह के साथ खेलता है यह हमे दृढ़ता का संदेश देता है।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत Urban Health & Wellness Centre and Urban Polyclinic पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म/ एजेन्सी/स्थानीय दुकानदार दिनांक 27.03.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन सभी करो के साथ जमा करना होगा। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दर आमंत्रण सूचना बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

नोट :– नियम, शर्ते एवं सामग्री सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 348377 Urban Development and Housing(24-25)#D

# पुष्टि के बाद विभाग ने लगा रखा है प्रतिबंध, चोरी छूपे हो रही बिक्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** जिला के राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एच-5एन-1) की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट है। जिला प्रशासन ने बीते शनिवार की शाम से कार्रवाई करते हुए संक्रमित क्षेत्र से 10 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इसके बाबजूद भी कई स्थानों पर चोरी छीपे मुर्गा-मुर्गी और आंड़ो की विक्री हो रही है। जबकि पशुपालन विभाग द्वारा बनाए गये टीन दुकानो को बंद करवा रही है। साथ ही इस पर रोक लाने के लिए विभाग प्रचार प्रसार भी कर रही है। बीते सोमवार को सेक्टर 12 मोड़ पर विभाग द्वारा किए जा रहे प्रचार को चिकन दुकानदारों द्वारा विरोध किया गया, और प्रचार नहीं रकने के लिए धमकी भी दी गयी। जिसकी शिकायात विभाग के कर्मी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी से की। इस मामले में पदाधिकारी जांच कर रही है। वहीं विभाग के मुर्गा,अंडा की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने में असर्थ दिख रहा है। विभाग के पदाधिकारियों का कहना है कि अकेले विभाग क्या करेगी, इसमें पुलिस प्रशासन का सहयोग नहीं मिल रहा है। होली के त्योहार के कारण थोड़ी परेशानी हो रही है।

**बर्ड फ्लू**

**मुर्गा-अंडा बेचने पर विभाग लगा रहा रोक, कारोबारी कर रहा विरोध**

**राजकीय** कुक्कुट प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद से विभाग लगातार इसकी रोक थाम पर लगी हुई है। वहीं चिकन बेचने वाले दुकानों को बंद करने और लागों को इसका सेवन नहीं करने के लिए प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जिसका चिकन कारोबारी विरोध भी कर रही है। वहीं पुलिस प्रशासन से सहयोग नहीं मिल रही है। बोर्डर पर मुर्गे-मुर्गी लाने लेजाने पर रोक लगाना विभाग की बस में नहीं, इसमें सहयोग चाहिए।

**चिकन कारोबारियों की बिक्री पर असर, मीट-मछली की डिमांड बढ़ी**

**बर्ड** फ्लू की पुष्टि होने के बाद बोकारो में चिकन और अंडे से जुड़े व्यापार करने वाले व्यापारियों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकन कारोबारियों पर असर दिख रहा है। वहीं मछली और मीट की बिक्री बढ़ी है। सेक्टर 12 मोड़ दुन्दीबाद बाजारस्थित राज चिकन सेंटर के मालिक ने कहा कि जब से बोकारो में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है तब से चिकन के दुकानों को प्रशासन द्वारा बंद करवा दिया गया है। जिससे चिकन की बिक्री बंद हो गयी है। इसके अलावे सेक्टर-4 लक्ष्मी मार्केट, वन, थाना मोड़ सेक्टर-3 सहित उकरीद मोड़, रितुडीह, बासगोड़ा, सिवनडीह सहित अन्य स्थानों पर भी मुर्गा-अंडा की बिर्की पूरी तरह से प्रभावित है। लक्ष्मी मार्केट के चिकन कारोबारियों का कहना है कि बर्ड फ्लू की पृष्टी के बाद से सिर्फ चिकन की दुकानों पर ही नहीं बल्कि शहर में फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले छोटे व्यापारियों को भी खासा नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि ज्यादातर फूड आइटम में चिकन और अंडे का उपयोग किया जाता है।

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –42/2024–25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 18.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 19.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 19.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair and renovation of Staff, Sister Dr. Chamber Toilet & General Toilet and bath room (Left Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work D-2 BLOCK at 3rd Floor Neuro Surgeon Department RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 2048164.00 | 41000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 348343 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## एक झलक

### होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**बुंडू :** बुंडू थाना परिसर में सोमवार को होली का त्यौहार को लेकर बुंडू एसडीओ किष्टो कुमार बेसरा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सभी धर्म के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों ने रमजान के महीने में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कई सुझाव दिए कहा कि रमजान के महीने में जुम्मा के दिन होली का त्यौहार है तो इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी हर ओर किया जा रहा है शराब पर अंकुश लगे, डीजे पर भी पाबंदी लगे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गाने ना बजाया जाए इस तरह के कई प्रकार के सुझाव प्रशासन के बीच रखी गई इस मौके पर बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश एवं थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने बुंडू वीडियो को होली एवं रमजान की बधाई देते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। मौके पर बुंडू का सीओ हंस कुमार हेंब्रोम, जिला परिषद सदस्य, महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा अनूप कुमार चेल रोशन महतो राम महतो संतोष कुमार महतो और गुड्डू कैलाश हलवाई सहित के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### मनरेगा लोकपाल ने किया बेड़ो की मुरतो पंचायत का भ्रमण

**07 रजिस्टर, अभिलेख और योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण**



**बेड़ो :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने बेड़ो प्रखंड अंतर्गत मुरतो पंचायत का निरीक्षण एवं भ्रमण किया। जिसमें पंचायत सचिवालय में 7 पंजी, मनरेगा योजनाओं से संबंधित अभिलेख की जांच की गई। इसके उपरांत मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पकली देवी का सिंचाई कूप निर्माण, चंपू उरांव का सिंचाई कूप निर्माण, पीयूष तिर्की का सिंचाई कूप निर्माण , और दीपक सिंह के जमीन में आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अहम निर्देश दिया। वहीं मौके पर बीपीओ संजय तिर्की,पंचायत के मुखिया सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल,कनीय अभियंता सुरेश लिंडा,पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवक डीबू एक्का समेत दर्जनों लाभुक व ग्रामीण मौजूद थे।

### झारखंड के खिलाड़ियों ने जीता 11 गोल्ड 11 सिल्वर और 09 ब्रॉन्ज मेडल



**रांची :** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के तरफ से इस बार 11 गोल्ड 11 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर झारखंड के खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 45 मास्टर एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस बार सबसे अधिक मेडल जीत कर इस साल झारखंड को अधिक मेडल प्राप्त हुए,सभी मेडल विजेताओं को बहुत-बहुत बधाई और हमारे जितने भी खिलाड़ी बेंगलुरु गए थे सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई टीम मैनेजर के, के, ठाकुर भैया, संजय राय, राजेंद्र महतो, प्रेसिडेंट राजकुमार बाल्मीकि भैया, और हमारे गुरु जी जवाहर झा सर और अशोक महतो सर जी को बहुत बहुत बधाई आप लोग के चलते यह टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर के लौट रहे हैं, बेंगलुरु में इस बार अधिक से अधिक खिलाड़ियों ने मेडल जीते सभी खिलाड़ियों को झारखंड मास्टर एथलीट के सचिव लक्ष्मण राम द्वारा सभी को बहुत-बहुत बधाई।

## उत्क्रम वि. गितिलडीह के सभी 21 बच्चे 08वीं बोर्ड की परीक्षा से वंचित

# छात्र-छात्राओं का 01 वर्ष हुआ बर्बाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** प्रखंड मुख्यालय से महज 5किलोमीटर दूर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गितिलडीह में सत्र 2024 -2025 की आठवीं कक्षा के 21 छात्र-छात्राएं प्रभारी प्रधानाध्यापक बीर सेन पुरान की लापरवाही से परीक्षा देने से वंचित रह गये और छात्र-छात्राओं का महत्त्वपूर्ण 01वर्ष बर्बाद हो गया। उल्लेखनीय है कि गत कल मंगलवार को जैक द्वारा आयोजित 8वीं बोर्ड की परीक्षा थी। इस संबंध जब छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को हुई तो मंगलवार को विद्यालय परिसर में बैठक कर प्रभारी प्रधानाध्यापक से जवाब तलब की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जैक द्वारा निर्धारित समय सीमा पर बच्चों का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाया था। इसलिए बच्चों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ और एडमिटकार्ड इश्यू नहीं हुआ। इधर बैठक में अभिभावकों ने कहा है कि हमारे 21 छात्र - छात्राएं वर्ष 2025 में आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा से वंचित होने की सरकार जांच करें और अविलंब परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कर प्रवेश पत्र निर्गत किया जाए एवं हर किमत पर आठवीं बोर्ड की विशेष परीक्षा आयोजित कर वंचित छात्र-छात्राओं को परीक्षा लिखने की अनुमति दी जाय ।आक्रोशित अभिभावकों ने कहा कि अपने बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे । बैठक के अंत में आंदोलन को गति देने के लिए आगामी 13 और 14 मार्च 2025 को गितिलडीह में ग्रामीणों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से भरत मुंडा, सुखदेव मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, तेयारी मुंडा, रविन्द्र लोहरा, जयपाल मुंडा, सुखराम सिंह मुंडा, लखींद्र मुंडा, कुंवर मुंडा, विषम मुंडा, साहिल लोहरा, एतवा मुंडा, गौतम सिंह मुंडा, नानासाए मुंडा, शुक्रु मुंडा, साधू मंगल मुंडा, घासिराए मुंडा, सुगना मुंडा, मंजू मुंडा, बिरसा मुंडा, रीता मुंडा उपस्थित थे। इस संबंध में बीपीओ अनवर हुसैन एवं बी आर पी सुनील से पूछा गया तो उक्त दोनों ने मामले से अनभिज्ञता प्रकट की। पर थोड़ी देर बाद गोलमोल ढंग से बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बी आर सी बुंडू को इसकी सूचना न देकर जिला को इस आशय की जानकारी दी है।

## कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में रंगोत्सव का आयोजन, फेस पेंटिंग रही आकर्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा होली पर्व के अवसर पर रंगोत्सव 2025-रंगों का त्यौहारका आयोजन किया गया ` डोरंडा कन्या पाठशाला स्थित में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सभी छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता एवं फेस पेंटिंग कार्यशाला में हिस्सा लिया। देश में खेले जाने वाले अलग अलग होली के तरीकों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में 100 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया` इस अवसर पर सभी बच्चों ने होली को नए अंदाज में एक दुसरे के चेहरे पर प्राकृतिक रंगों के द्वरा फेस पेंटिंग करने की कला सिखाई गयी। सभी छात्रों ने पशु पक्षी, तितली, सुपर हीरो जैसे कैप्टेन अमेरिका, स्पाइडर मैन, बैटमैन के स्वरुप के चेहरे पर पेंट किया। छात्रों ने इस अवसर पर होली रंग भरो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया` सभी बच्चों ने होली के गीतों में जम कर डांस भी किया` साथ ही साथ अभिभावकों ने भी कार्यकर्म का जम कर लुफ्त उठाया।

## जिप अध्यक्ष से मिले ओरमांझी के जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता



- नवनिर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स को स्थानीय बेरोजगारों को कम कीमत पर देने की मांग की

**एहसान राजा**

**ओरमांझी :** पंचायत के मुखिया दीपक बडाईक के नेतृत्व में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत से जनप्रतिनिधि व समाजिक कार्यकर्ता मिले और उन्हें ज्ञापन देकर मांग किया गया कि ओरमाझी साप्ताहिक बाजार के पास जिला परिषद फंड से बने मार्केट काम्प्लेक्स का दुकानों का वर्तमान आवंटन प्रक्रिया में काफी खामियां हैं इससे स्थानीय किसान बेरोजगार ग्रामीण दुकान नहीं ले पाएंगे इसे देखते हुए इसे रद्द किया जाए और दुकानों का पांच सौ से एक हजार रुपए किराया प्रति महिना रखने के साथ पगड़ी दो से पांच हजार रुपए किया जाए ओरमांझी के बेरोजगारों किसानों को दुकान आवंटित सुनिश्चित हो यह मांग किया गया इसके अलावा बाजार परिसर के चारों ओर दुकान रूम बनाने की भी मांग किया गया। इस पर जिप अध्यक्ष ने आश्वस्त करते हुए कहा जब भी आवटन की प्रक्रिया होगी निश्चित रूप से स्थानीय लोगों को ही दुकानों का आवंटन कराया जाएगा।किराया कम हो इसके बारे में विचार विमर्श अभी किया जा रहा है यह बात कही मौके पर पंचायत के उपमुखिया संतोष गुप्ता पवन साहू कुलदीप तिवारी अमिताभ पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## श्री महावीर मंडल, केन्द्रीय समिति रांची के 2025-26 चुनाव सम्पन्न



**रांची :** श्री महावीर मंडल ,केंद्रीय समिति, रांची के 2025-26 के चुनाव में निर्विरोध कोषाध्यक्ष पद हेतु चुने जाने प्रमोद कुमार सारस्वत का अभिनंदन और स्वागत है। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल रांची के मुख्य चुनाव पदाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव के संग सहयोगी चुनाव पदाधिकारी द्वारा श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट रांची में निर्वाचित प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर समाज की सामाजिक धार्मिक व व्यापारिक संस्थाओ के सदस्यों द्वारा प्रमोद कुमार सारस्वत को बधाई और शुभकामनाएं दी गयी।

## नरकोपी थाना में हुई शांति समिति की बैठक

### ग्रामीणों ने होली, सरहुल व ईद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का लिया निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** नरकोपी थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक सीओ चंचला कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर सीओ चंचला कुमारी ने ग्रामीणों से होली,सरहुल व ईद पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में भाई चारे के साथ मनाने की अपील किया। डीएसपी अशोक कुमार राम ने शांति समिति के सदस्यों से माहे रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए कई आवश्यक सुझाव व निर्देश दिया। उन्होंने कहा सभी त्यौहार आपसी मेलजोल,शांति और सौहार्द की सीख देता है। उन्होंने ने शांतिपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपिल की। वहीं नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। त्यौहार के दौरान पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही इस अवसर पर क्षेत्र में विशेष सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। इधर बैठक के दौरान मिठाई खिलाकर व एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपप्रमुख मोददसिर हक, एएसआई नगीना प्रसाद, बबलू साहू, बलवीर सिंह, सूरज सिंह,रोहित साहू, बिट्टू शाही, आदित्य शाही, अर्जुन साहू, संजय शाही, दिलीप साहू, धनंजय ओझा, रंथेश्वर शाही, रूपा श्री उरांव, भवानी उरांव, मकबुल अंसारी, फरीद अंसारी, नसीर अंसारी, मूनशब अंसारी, रुस्तम अंसारी, मोबिन अंसारी, उमर खान, लक्ष्मण उरांव, तेम्बा उरांव, बिहारी टोप्पो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पत्नी पर हमले के आरोपी को जेल

- काटू का है सुनिल लोहरा
- सरिता देवी मादी में भर्ती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू :** पुलिस ने थाना कांड संख्या 103/25 के नामजद आरोपी 40 वर्षीय सुनिल लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह काटू निवासी स्व सबरू लोहरा का पुत्र है। उस पर पत्नी सरिता देवी और छोटी पुत्री अंजली कुमारी के साथ धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल करने और घर में आग लगा दिये जाने का आरोप है। पीड़िता को बेलांगी स्थित मादी मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुत्सबिक, वह खतरे से बाहर है। लेकिन, उसके सिर, कान व नाक समेत शरीर के अन्य हिस्से में गहरे जख्म हैं। मामले को लेकर उषामातु में रहने वाली उसकी विवाहिता पुत्री छोटी कुमारी ने रातू थाने में पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## बगैर मुआवजा दिये लोगों को किया जा रहा विस्थापित : चौधरी

**रांची :** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनवकाश के बाद भाजपा के विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि सरकार लोगों को बगैर मुआवजा दिलाए उन्हें विस्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि एसआइटी की जांच का हवाला देकर लोगों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने इस मामले को सरकार से संज्ञान में लेने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि अंचल कार्यालयों में कोई काम नहीं हो रहा है।

## रांची विश्वविद्यालय नियम विरुद्ध कार्य करेगा, तो इसका विरोध करेगी एनएसयूआई : अमन अहमद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए कुलपति डॉ.अजीत कुमार सिन्हा रिसर्च स्कॉलर को पढ़ाने की जिम्मेदारी देने पर विचार कर रहे हैं, जो उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए घातक है। वहीं, दूसरी ओर यूजीसी, जेपीएससी तथा विश्वविद्यालय अधिनियम में भी यह प्रावधान नहीं है कि आप रिसर्च स्कॉलर को परमानेंट फैकल्टी की जगह कार्यभार सौंप दें । दूसरी ओर नियमित शिक्षक का कार्यभार पहले से इतना ज्यादा है कि उसके बाद उन पर अतिरिक्त भार देना कहीं से भी उचित नहीं है। वे स्वयं कार्य नहीं कर पाएंगे बल्कि इस कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होगी। इसलिए यदि रांची विश्वविद्यालय इस तरह का निर्णय लेती है, तो संगठन द्वारा इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। विश्वविद्यालय शिक्षकों की कमी का रोना रो रही है जबकि गत कई वर्षों से अतिथि शिक्षकों ने इस कार्यभार को बखूबी संभाला है। बावजूद उन्हें भी कार्य करने से रोक दिया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय को शिक्षा से कोई वास्ता नहीं रह गया है। कुलपति सिर्फ राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका कार्यकाल महज चंद दिनों का है इसलिए वे विश्वविद्यालय में समस्याएं खड़ी कर और चीजों को उलझा कर जाना चाहते हैं। संगठन उन्हें ऐसा नहीं करने देगी। छात्रहित में जो भी न्यायसंगत कदम होगा संगठन उठाएगी। श्री अहमद ने कहा जब तक जेपीएससी द्वारा स्थाई बहाली नहीं हो जाती है, तब तक अस्थायी तौर पर अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जाए लेकिन इसमें भी भाई भतीजावाद को दरकिनार करना होगा।

## हिन्दी भाषा के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व में भारत की संस्कृति को ले जाना है : डॉ. विपिन कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय क्षितिजः हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर विमर्श का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी के संयोजन में हुआ। विषय प्रवेश राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रांची के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश ने कराया।मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा विपिन कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और संविधानिक रूप में इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिंदी अब केवल राष्ट्रीय क्षितिज पर ही नहीं, अपितु विश्व पटल पर अपना परचम फहरा रही है। विश्व के अनेक देश हिंदी को अपनाने के लिए लालायित हैं। हिंदी विश्व की तीसरी बड़ी भाषा है।वह दिन दूर नहीं जब यह संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनेगी। हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हो चुके हैं। वाई बी एन विश्वविद्यालय रांची के अध्यक्ष डा राम जी यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

## आगामी रामनवमी पूजा को लेकर श्री बजरंग क्लब ने किया समिति का विस्तार

### श्री बजरंग क्लब रामनवमी पूजा में स्थाई झांकी का करेगा निर्माण : सतीश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री बजरंग क्लब सतकौडी नगर रामगढ़ ने आगामी रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को थाना चौक रामगढ़ के सतकौडी कॉम्प्लेक्स के निकट स्थित गणक मैरिज हॉल में बैठक का आयोजन किया। बैठक में क्लब के पदाधिकारियों और सनातनी रामभक्त उपस्थित हुए। बैठक का शुभारंभ ‟जय श्री राम‟ के उद्घोष से किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने आगामी रामनवमी पूजा को भव्य और दिव्य तरीके से मनान को लेकर विचार विमर्श किया।तत्पश्चात श्री बजरंग क्लब की पुरानी समिति को भंग करके सत्र 2025-26 के लिए नई समिति का विस्तार किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्व सम्मति से श्री बजरंग क्लब का अध्यक्ष सतीश कुमार को मनोनीत किया।

विगत कई वर्षों से श्री बजरंग क्लब सामाजिक कार्यों में आगे रहकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है और विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्य करते आ रहा है। इसी के निमित्त बैठक में विचार विमर्श के पश्चात इस वर्ष रामनवमी पूजा में क्लब ने स्थाई झाँकी बनाने का निर्णय लिया है। स्थाई झाँकी का निर्माण थाना चौक रामगढ़ के सतकौडी कॉम्प्लेक्स समीप बनाया जायेगा। आस पास के क्षेत्र में क्लब के द्वारा रंग बिरंगी लाइटों से विधुत सजा की जायेगी।

## सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने कमांड क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों को दिया वाटर प्यूरिफायर सह कूलर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) रजरप्पा क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कमांड क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में कुल 10 यूवी वाटर प्यूरिफायर सह वाटर कूलर प्रदान किए गए हैं। इस योजना की कुल लागत ?11,45,000/- है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को स्वच्छ जल पीने की सुविधा मिले तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आए।

वाटर प्यूरिफायर प्रदान किये गये संस्थान

1.राज बल्लभ उच्च विद्यालय, सांडी
2.चितरपुर डिग्री कॉलेज, चितरपुर
3.चितरपुर इन्टर कॉलेज, चितरपुर
4.उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रजरप्पा प्रोजेक्ट
5.चितरपुर उच्च विद्यालय
6.सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट
7.उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सुकरिगढ़ा
8.उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बंदा
9.जनता उच्च विद्यालय, दुलमी

प्युरिफायर सह कूलर की विशेषताः

एक्वागार्ड ब्रांड के इन कूलरों की क्षमता 120 लीटर पानी प्रति घंटे स्वच्छ करने की है। ये मशीनें 80 लीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पानी को ठंडा कर सकती हैं। ये मशीन 120 लीटर पानी स्टोर भी कर सकती हैं।

सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने इस योजना के बारे में कहा कि हमारी कंपनी केवल कोयला उत्पादन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय समुदायों के सतत विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। स्वच्छ पेयजल स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है, और यह पहल हमारे कमांड क्षेत्र के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। सीसीएल भविष्य में भी इस तरह की योजनाओं को प्राथमिकता देगा। सीसीएल रजरप्पा के सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने कहा, सीसीएल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाती है।

## गोविंद सिंह का मनाया गया 45वां शहादत दिवस

# गोविंद सिंह के नाम डिग्री कॉलेज खुले, तो होगी सच्ची श्रद्धांजलि : वशिष्ठ सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** शहीद बड़ाईक गोविंद सिंह स्मारक समिति चंपाडिह लापुंग के तत्वावधान में लापुंग प्रखंड के चंपाडीह में शहीद बड़ाईक गोविंद सिंह का 45 वां शहादत दिवस मनाया गया। चंपाडीह के शहीद स्थल में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो पार्टी के केन्द्रीय सदस्य वशिष्ठ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के माटी के लाल बड़ाइक गोविंद सिंह ने जीवनपर्यात सामाजिक सेवा के प्रति समर्पित रहे। जहां सेवा करते हुए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि लापुंग जैसे पिछड़े क्षेत्र में गोविंद सिंह के नाम डिग्री कालेज खुल जायें तो असली शहादत होगी। विशिष्ट अतिथि पुर्व विधायक प्रत्याशी शुशील कुमार पहान ने कहा कि शिक्षा से ही शहीद गोविंद सिंह जी के सपनों को पूरा किया जा सकता है।युवा शहीदों की जीवनी से प्रेरणा लें।शहीदों को नमन करें और समाज व राज्य के हित में काम करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष राम शंकर सिंह ने कहा कि बाबू जी के सपनों को पूरा करना है। बड़ाइक गोविन्द सिंह के नाम पर 10 एकड़ जमीन सरकार को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसके लिए सरकार के प्रतिनिधियों को पहल करने की जरूरत है। इसके पूर्व शहीद बड़ाइक गोविन्द सिंह स्मारक स्थल पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर प्रकाश नाग, ग्राम प्रधान रेजन मुंडा, टाइगर राजकिशोर उरांव, निर्मल मुंडा, देवेन्द्र सिंह, जिंदा उरांव, वार्ड सदस्य मुनिति मुंडा, कचन उरांव, फीरन महतो लक्ष्मन साहु

## खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करें दुकानदार

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर होली पर्व को देखते हुए जिला खाद्य पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न दुकानों एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में संतोष होटल, मां अन्नपूर्णा होटल सहित अन्य दुकानों से लड्डू, पेड़ा, रसगुल्ला आदि के नमूने लिए गए। दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि दुकान परिसर की स्वच्छता एवं कर्मियों की व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये।

## गोला थाना परिसर में होली पर्व के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार को गोला थाना परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा ने की। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख गीता देवी, अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, इंस्पेक्टर पंकज कुमार एवं गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने उपस्थित सभी लोगों को आगामी होली पर्व की शुभकामनाएँ दी। मौके पर सवों ने आपसी सौहार्द के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। आगे उन्होंने कहा कि होली पर्व के अवसर पर होलिका दहन पूर्व से चिन्हित जगह पर ही आयोजित की जाएगी किसी भी नई जगह पर होलिका दहन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। अंचलाधिकारी ने होलिका दहन के दौरान स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार वॉलिंटियर्स प्रतिनियुक्त करने उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने एवं वॉलिंटियर्स की जानकारी प्रशासन के साथ साझा करने का निर्देश दिया। बैठक में कहा गया कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर या स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी जाए।

## एक झलक

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से होंगे शुरू

**नयी दिल्ली** : खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नयी दिल्ली में आयोजित किये जायेंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं को भी रखा जायेगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे। खेलो इंडिया से उभरते हुए खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को संवारने का अवसर मिलेगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। तब हरियाणा पहले जबकि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

### पीसीबी ने आईसीसी के सामने विरोध दर्ज कराया

**लाहौर** : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल के पुरस्कार वितरण समारोह में अपने प्रतिनिधि की अनदेखी का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने विरोध दर्ज कराया है। पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मामले में आईसीसी प्रबंधन को एक कड़ा पत्र भी लिख है। इससें पीसीबी की ओर से पूछा गया है स्टेडियम में मौजूद उसके प्रतिनिधि को समारोह के लिए मंच पर आमंत्रित क्यों नहीं किया गया? पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का आधिकारिक मेजबान था हालांकि इसमें विजेता रही भारतीय टीम के मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर दुबई में हुए थे।वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले ही आईसीसी को बता दिया था कि वह फाइनल में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि वह गृह मंत्री होने के कारण देश की संयुक्त संसद के सत्र में व्यस्त थे।

### आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं राहुल

**मुम्बई** : विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल के 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के 18वें सत्र के शुरुआती मैचों से बाहर रहने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल की पत्नी पत्नी आथिया शेट्टी पहले बच्चे को जन्म देने वाली है और ऐसे समय में राहुल उनके साथ ही रहना चाहते हैं। राहुल को इस बार दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। इससे पहले वह लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान थे। राहुल ने अब तक पूर्व 132 आईपीएल मैच खेले हैं और चार शतक और 37 अर्धशतकों की सहायता से 4683 रन बनाए हैं। राहुल का प्रदर्शन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अच्छा रहा है। वह दिल्ली कैपिटल्स के नए कप्तान के भी दावेदार हैं। फ्रेंचाइजी आने वाले दिनों में नए कप्तान की घोषणा कर सकती है। आईपीएल 2024 में ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे पर अब वह लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे।

# सरकार ने हटाया कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन

## डोमेस्टिक-इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए टीम चयन हो सकेगा; 15 महीने पहले डब्ल्यूएफआई को किया था बैन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : 16 जनवरी 2023 को उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहनवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए जंतर-मंतर पर धरना दिया था। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ पर से बैन हटा लिया। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एडहॉक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। मंत्रालय ने साल 2023 में अंडर-15 (व-15) और अंडर-20 (व-20) राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए

**डब्ल्यूएफआई को 24 दिसम्बर को बैन कर दिया था**

**दरअसल** साल 2023 में 21 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के क्षेत्र में नेशनल जूनियर के नेशनल चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद 24 दिसंबर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को बैन कर दिया।

**बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2023 जनवरी में महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दिया था धरना**

**साल** 2023 में 16 जनवरी को



ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के WFI अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था।

**2023 के 21 अप्रैल को महिला पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दी थी शिकायत**

**21 अप्रैल** 2023 को नई दिल्ली, कनॉट प्लेस के SHO को संबोधित करते हुए 6 लोगों के नाम के पत्र मिले थे। इन 6 नामों में कुश्ती की कई जानी-मानी खिलाड़ियों के नाम थे। इन सभी शिकायतकताओं ने तब हत्रक्ष के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। इन शिकायती पत्रों में पिछले करीब 8 से 9 सालों में अलग-अलग मौकों पर यौन शोषण की बात लिखी मिली। इसके अलावा शिकायत करने वाली पहलवानों ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही युवा और खेल मंत्रालय में शिकायत की है। इसकी जांच के लिए वहां एक ओवरसाइट कमेटी का भी गठन किया गया। मामले में FIR दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी।

**संजय सिंह के जीतने बाद साक्षी मलिक ने लिया था संन्यास और बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया था**

**साल** 2023 में 22 दिसंबर को बजरंग पूनिया ने WFI के चुनाव में बृजभूषण सिंह के समर्थक संजय सिंह के अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद अपना पद्मश्री पुरस्कार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था। वहीं 21 दिसंबर को साक्षी मलिक ने संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मेज पर जूते रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान किया था।

**पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने खुशी जाहिर की**

**पूर्व** अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कुश्ती फेडरेशन ऑफ इंडिया पर से बैन हटने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की वजह से युवा पहलवानों का करियर दांव पर लगा हुआ था। अब उम्मीद है कि कुश्ती फेडरेशन खिलाड़ियों के हित में काम कर सकेगी।

## 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन साजिद ने 110 मी. हर्डल्स में जीता रजत पदक

एजेंसी

**पटना** : भारतीय एथलेटिक संघ, नयी दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 12 मार्च 2025 को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बालक अंडर 18 आयु वर्ग 110 मीटर हर्डल्स में 14.42 सेकेंड का समय के साथ बोकारो चंदनक्यारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के साजिद ने रजत पदक जीत राज्य का नाम रौशन किया। वहीं तमिलनाडु के नावेद बी सैयद सबीर ने 14.35 से. का समय लेकर स्वर्ण एवम फसालूल, केरल ने 14.42 से. का समय के साथ कांस्य पदक जीता।ज्ञात हो बोकारो चंदनक्यारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर पहला व्यक्तिगत रजत पदक है। वहीं साईं रांची के विनीत उरांव लंबीकूद, शिल्पा कुमारी, एवं रांची की बबली कुमारी जेवलिन थ्रो के फाइनल में पहुंची। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी. सिंह, सचिव शिव कुमार पांडेय, आशीष झा, आलोक मिश्रा, किरण रानी नायक, बंधन टोप्पो,प्रभाकर वर्मा,सिकंदर महतो, साईं एथलेटिक्स कोच विनोद सिंह, संजय त्रिपाठी,अजय नायक, चंदन क्यारी आवासीय सेंटर के कोच आशु भाटिया, टीम मैनेजर प्रेम महतो, रविन्द्र मुर्मू, अजीत कुमार साहू, दशरथ महतो, रणवीर सिंह, कोच शैलेश कुमार, प्रभात रंजन, अशोक भट्टाचार्य , कोच योगेश यादव राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



## वरुण को मिलना चाहिए था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन

एजेंसी



**मुम्बई** : भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 9 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द टूनामेंट दिया जाना चाहिये था पर ये अवार्ड उपविजेता रही न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को दे दिया गया। अश्विन ने कहा कि मैच विजेता होने के बाद भी वरुण को उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज नहीं चुना गया हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की जीत में वरुण की अहम भूमिका रही है। अश्विन ने कहा, जो भी कहा जाए मेरे हिसाब से प्लेयर ऑफ द टूनामेंट वरुण चक्रवर्ती थे। उन्होंने पूरा टूनामेंट नहीं खेला पर उन्होंने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। अगर वरुण नहीं होते, तो फाइनल मैच बहुत अलग होता। उन्होंने एक्स-फैक्टर जोड़ा। अगर मैं जज होता, तो मैं यह अवॉर्ड वरुण को देता। वो सबसे बड़ा अंतर थे। अश्विन, वरुण की उस गेंद से खासे प्रभावित हुए जिस पर उन्होंने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। उन्होंने कहा, फिलिप्स स्टंप्स कवर नहीं कर रहे थे, इसलिए वरुण क्रीज से बाहर गए और गुगली डाली। अश्विन ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सराहा। अश्विन ने कहा, मैं कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के लिए बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय रूप से, इस भारतीय टीम ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह आपको क्या बताता है? यह भारतीय क्रिकेट को कहां छोड़ता है? मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि दुनिया को भारतीय क्रिकेट को समझने में कुछ समय लगेगा। वहीं वरुण ने माना कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका अभियान इस तरह से चलेगा। मैच के बाद उन्होंने कहा- मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह ऐसा होगा। सपना सच हो गया। चक्रवर्ती की गेंदबाजी ने सबको हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उनकी गेंदों को पढ़ पाना मुश्किल था। यही वजह थी कि वो इतने कामयाब रहे। अश्विन ने कहा कि टीम ने एकजुट होकर खेला जिसका फल उसे मिला।

## चंडीगढ़ में महाराष्ट्र के पदकों का सिलसिला



एजेंसी

**चंडीगढ़** : चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन खेल प्रतियोगिता 2024-25 में महाराष्ट्र सरकार की टीम ने सफलता की अपनी परंपरा जारी रखी। इस योग प्रतियोगिता में 24 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सामिल हुऐ थे इस योग प्रतियोगिता में 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न आयु समूहों के लगभग 400 एथलीटों ने भाग लिया था। महाराष्ट्र टीम को 5 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक, 6 कांस्य पदक मिला है। महाराष्ट्र टीम के दूसरे स्थान के प्रदर्शन को हर तरफ से प्रशंसा और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## राज्य कराटे चैंपियनशिप खिलाड़ियों का चयन शुरू



एजेंसी

**रांची** : आगामी 22 मार्च से रांची के संत जोसेफ क्लब में आयोजित झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप के लिए रांची के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रांची के विभिन्न क्लबो एवं स्कूलों में कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन बरियातू क्लब में खिलाड़ियों का चयन किया गया। कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि रांची के विभिन्न क्लबों एवं कॉलेज स्कूलों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है जिससे कि रांची की एक मजबूत टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले सके। इस प्रतियोगिता में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त सभी शैली के कराटे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी 3 और 4 मई को रांची के खेल गांव में आयोजित ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप 2025

## चुनौतियों से जूझते भारतीय शटलरों के लिए कठिन परीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली**: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए इस बार का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप बेहद कठिन साबित हो सकता है। चोटों, फिटनेस समस्याओं और खराब फॉर्म के कारण भारतीय शटलरों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) की ऐतिहासिक जीत के बाद से अब तक कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खिताब को नहीं जीत पाया है। हालांकि, पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे दिग्गजों ने विश्व स्तर पर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ऑल इंग्लैंड ओपन का ताज अब भी भारतीयों की पहुंच से दूर बना हुआ है।



**चोटों और खराब फॉर्म ने बढ़ायीं मुश्किलें**

**इस** साल भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पी. वी. सिंधु चोट से उबरकर वापसी कर रही हैं। एच. एस. प्रणय चिकनगुनिया के कारण लय में नहीं हैं। लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी हाल ही में अपने पिता को खोने के बाद मानसिक रूप से कठिन दौर से गुजर रहे हैं। सिंधु दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं, लेकिन हमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पिछले महीने एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गई थीं। अब वह पूरी तरह से फिट हैं और कोरियाई खिलाड़ी गा उन किम के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। दूसरे दौर में उनका मुकाबला चीन की हान यूए से हो सकता है, जबकि क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुंजुंग बड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं।

## स्वर्गीय प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



एजेंसी

**भवनाथपुर** : टाउनशिप सेल के सब्जी मार्केट में स्थित ग्राउंड में स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब टाउनशिप द्वारा आयोजित स्वर्गीय प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम और सेल के डीजीएम एस यू मेदा, सेल के उप प्रबंधक बुलु दिगल ने फिता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वर्गीय प्रदीप सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उद्घाटन मैच मझिआंव बनाम हरिहरपुर के बीच खेला गया। जहां मझिआंव नें पहला सेट 25-16, दूसरा सेट 25-16से जीत कर मझिआंव सेमीफाइनल में स्थान बनाया। दूसरा मैच श्री बंशीधर नगर बनाम झगराखांड के बीच खेला गया, जहां श्री बंशीधर नगर नें पहला सेट 25-12 दूसरा सेट 25-14से जीत कर श्री बंशीधर नगर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने इस मौके पर कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि समाज में खेल के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई वेस्ट हेम और न्यूकास्टल यूनाइटेड की टीमें।

## वीएस जग्गी सहित कई हस्तियों को मिला डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय समर्पण पुरस्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज के सभागार में छठे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय समर्पण पुरस्कार 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, खेल, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया।

**खेल, शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान को मिला सम्मान**

**इस** वर्ष पुरस्कार पाने वालों में कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे। प्रो. अजय कुमार अरोड़ा (प्राचार्य, रामजस कॉलेज), डॉ. विकास गुप्ता (रजिस्ट्रार, दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह (प्राचार्य, जेपीएस हिंदू कॉलेज, अमरोहा), विधायक अजय महावर (गोंडा विधानसभा क्षेत्र), वीएस जग्गी (एसोसिएट प्रोफेसर, श्याम लाल कॉलेज) को खेलों में योगदान के लिए, डॉ. सुनील विश्वकर्मा को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में तथा उमेश जोशी को स्व-नियोजित पेशेवर के रूप में सम्मानित किया गया।

**मुख्य अतिथि और गण्यमान्य व्यक्तियों के विचार**

**कार्यक्रम** में मुख्य अतिथि पवन जिंदल (क्षेत्रीय संघचालक, उत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने समर्पण और सेवा भाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची सेवा का मूल्यांकन दूसरों की सराहना से नहीं, बल्कि व्यक्ति के निरंतर प्रयासों से होता है। सम्मानित अतिथि रवि शेखर ने कहा कि एक बुरा कर्म सैकड़ों अच्छे कर्मों पर भारी पड़ सकता है, इसलिए सही दिशा में काम करना जरूरी है।

**आयोजन समिति और जूरी सदस्यों की भूमिका**

**कार्यक्रम** का संचालन प्रो. हेमचंद जैन (प्राचार्य, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज) ने किया और सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। आयोजन समिति में प्रो. सुनीता अरोड़ा, प्रीति गोयल, डॉ. अनेक गोयल, सुधा पांडे, पवन त्यागी, डॉ. रेखा, अनिल, डॉ. रुपेश, विकास मित्तल शामिल थे। पुरस्कार विजेताओं का चयन विवेक चौहान, सुधांशु सुतर, कुसुम, अकरम शाह और डॉ. जतिंदर सिंह की जूरी ने किया।



**सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुस्तक विमोचन**

**समारोह** की शुरूआत में दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर लेखक संतोष मिश्रा की पुस्तक संघः सेवा, समृद्धि और समाज का भी उल्लेख किया गया।

## चोटों के कारण न्यूजीलैंड महिला टीम को बड़ा झटका

# श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से तीन खिलाड़ी बाहर

एजेंसी

**वेलिंगटन** : न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर इसाबेला गेज, तेज गेंदबाज हेले जेन्सन और बल्लेबाज बेला जेम्स चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गई हैं। इनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज पॉली इंग्लिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका महिला टीम इन दिनों न्यूजीलैंड दौरे पर है, जहां वह वनडे और टी-20 सीरीज खेल रही है। न्यूजीलैंड ने पहले ही वनडे सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया था। वनडे सीरीज में पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग ने डेब्यू किया था, जबकि फ्लोरा डेवोनशायर को अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका नहीं मिला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक, हेले जेन्सन और बेला जेम्स पहले ही वनडे सीरीज से बाहर हो चुकी थीं और अब तक फिट नहीं हो पाई हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक बयान में कहा, हम सभी इसाबेला, हेले और बेला के लिए दुखी हैं। यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है, लेकिन हम जानते हैं कि ये तीनों मजबूती से वापसी करेंगी। बेन सॉयर ने पॉली इंग्लिस और ब्री इलिंग की वनडे सीरीज में प्रभावशाली शुरूआत की तारीफ की। उन्होंने कहा, दोनों ने बेहतरीन इरादे और खेल की शानदार समझ दिखाई। मुझे भरोसा है कि वे टी-20 में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी। फ्लोरा डेवोनशायर घरेलू स्तर पर बेहतरीन ऑलराउंडर साबित हुई हैं और हमारी टीम के लिए एक शानदार विकल्प हो सकती हैं। तीन मैचों की टी-20 सीरीज 14 मार्च से शुरू होगी। दूसरा मैच 16 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और अंतिम मुकाबला 18 मार्च को डुनेडिन में आयोजित होगा।



**न्यूजीलैंड टीम**

**सुजी बेट्स** (कप्तान), रोजमेरी माएर, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंग्लिस (विकेटकीपर), फ्रैन जोनास, जेस केर, एम्मा मैकलेओड, जॉर्जिया प्लिमर, इजी शार्प।

**श्रीलंका टीम**

**चमारी अटापट्टू** (कप्तान), निलाक्षिका सिल्वा, कवीशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, इनोशी प्रियदर्शनी, विश्मी गुणरत्ने, अचिनी कुलसूरिया, सुगांदिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रमा, मनुदी ननायक्कारा, सचिनी निसानसला, उदेशिका प्रबोधनी, अनुश्का संजीवनी (विकेटकीपर), कौशिनी नुथ्यांगना, रश्मिका सेववंडी, चेतना विमुक्ति।

## एक झलक

### भारत और कतर के बीच वित्तीय और आर्थिक सहयोग को मंजूरी : वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और बढ़ाने की दिशा के रूप में भारत और कतर के बीच वित्तीय एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर हुए समझौते को पूर्ववर्ती तिथि से मंजूरी दे दी गई है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि भारत और कतर के बीच वित्त मंत्रालयों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को पूर्वव्यापी मंजूरी दे दी गई है। दोनों देशों के बीच वित्तीय और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की 18 फरवरी, 2025 को भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन से दोनों देशों में निवेश के लिए नए और उभरते क्षेत्रों और अवसरों की खोज होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव बलदेव पुरुषार्थ और कतर में भारत के राजदूत मोहम्मद हसन जाबिर अल-जाबिर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू से दोनों देशों में निवेश के लिए नए एवं उभरते क्षेत्रों और अवसरों की तलाश होने की उम्मीद है। इस समझौता का उद्देश्य आर्थिक नीतियों, वित्तपोषण साधनों, सार्वजनिक-निजी भागीदारी ढांचे और निवेश में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और विकसित करना है। यह सहयोग कतर के पारस्परिक रूप से लाभकारी और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता को संस्थागत रूप देगा।

### संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट होंगे जारी

**मुंबई/ नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक के पहले जारी 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान है। रिजर्व बैंक के मुताबिक पहले जारी किए जा चुके 100 और 200 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। गौरतलब है कि संजय मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में शक्तिकांत दास की जगह आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था।

### भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। हालांकि, ये डील तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारत सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी। कम्पनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि उसने भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। आज के कारोबार की कमजोर शुरूआत हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के बाद ज्यादातर समय खरीदार बाजार पर हावी नजर आए। लगभग पूरे दिन हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार आज सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ने 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। वही निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और टेक सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।



मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 394.53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.85 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 68 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,091 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,490 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,479 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 122 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,639 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 856 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,783 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 371.29 अंक की कमजोरी के साथ 73,743.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक गिर कर 73,663.60 अंक तक चला गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने का थोड़ी देर पहले यह सूचकांक निचले स्तर से 530 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 80 अंक की मजबूती के साथ 74,195.17 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि आखिरी कुछ मिनट में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स 12.85 अंक की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 114.35 अंक टूट कर 22,345.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण यह सूचकांक 145.60 अंक की कमजोरी के साथ 22,314.70 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे निफ्टी की स्थिति में भी सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के कारण यह सूचकांक निचले स्तर से 200 अंक से अधिक रिकवरी करके 61.80 अंक की मजबूती के साथ 22,522.10 अंक तक पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली की वजह से यह सूचकांक ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 37.60 अंक की तेजी के साथ 22,497.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## किसानों के विरोध के एक दिन बाद नासिक के लासलगांव बाजार में प्याज की नीलामी शुरू



**नासिक/नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र के नासिक में स्थित एशिया में प्याज के सबसे बड़े थोक बाजार में प्याज की नीलामी मंगलवार को एक बार फिर शुरू हो गई है। एक दिन पहले प?याज की कीमत में गिरावट के विरोध में किसानों ने कुछ समय के लिए इसकी नीलामी रोक दी थी। किसानों ने कीमतों में गिरावट के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध-प्रदर्शन किया था। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को प्याज पर लागू 20 फीसदी का निर्यात शुल्क हटाए जाने की मांग की। उनका दावा है कि निर्यात शुल्क के कारण कीमतों में गिरावट हो रही है। प्याज की कीमतों में गिरावट के विरोध में करीब 15 किसान पानी की टंकी पर चढ़ गए थे, जिसकी वजह से कुछ समय के लिए इसकी नीलामी भी रोक दी गई थी। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति में एक दिन पहले नीलामी के लिए 11,500 क्विंटल प्याज मंडी में लाया गया था। प्याज की ग्रीष्मकालीन फसल के लिए भाव न्यूनतम 1,000 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 2,201 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 1,800 रुपये प्रति क्विंटल थीं। मंडी में लाल प्याज की कीमतें न्यूनतम 800 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 2,005 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 1,700 रुपये प्रति क्विंटल थीं, जबकि पांच दिन पहले ये कीमतें 2,250-2300 रुपये थीं। इसी के खिलाफ किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

## आईकू ने अपना आईकू नियो 10 आर किया लॉन्च



**रांची :** हाई-परफॉरमेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज अपने नए पावरहाउस - आईकू नियो 10आर के लॉन्च की घोषणा की। नये मानक स्थापित करते हुए, आईकू नियो 10आर कॉलेज के छात्रों, तकनीक के प्रति उत्साही और युवा गेमर्स के लिए बनाया गया है। स्मार्टफोन में नवीनतम स्नैपड्रैगन्‍8२ जनरेशन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म, अल्ट्रा-स्मूथ स्टेबल 90FPS, गेमिंग के लिए 144Hz रिफ्रेश रेट और सेगमेंट की सबसे स्लिम 6400mAh बैटरी सहित मॉडर्न फेसिलिटीस उपलब्ध हैं। आईकू नियो 10फ की कीमत 8+128 GB वैरिएंट के लिए क्ठफ 26,999 (नेट इफेक्टिव कीमतः INR 24,999) है, 8+256 वैरिएंट के लिए INR 28,999 (नेट इफेक्टिव कीमतः INR 26,999) और 12+256 वैरिएंट के लिए INR 30,999 (नेट इफेक्टिव कीमतः INR 28,999) है।

## आईएलएंडएफएस इनविट-रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट एनएसई पर सूचीबद्ध

**रांची :** इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट (आरआईआईटी) इकाइयों को एक लिस्टिंग समारोह में एनएसई पर सूचीबद्ध किया। इसमें आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नंद किशोर; अध्यक्ष डॉ. जे एन सिंह, और रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डैनी सैमुअल और नये बोर्ड के कई सदस्य उपस्थित थे। आरआईआईटी की लिस्टिंग इनविट के वितरण के बाद हुई है - जिसमें 6 अंतर्निहित सड़क संपत्तियां हैं। इसका उद्यम




मूल्यांकन 8,592 करोड़ रुपये है, इस प्रकार आईएलएंडएफएस समूह की ऋण समाधान के लिए विविध वित्तीय साधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता को रेखांकित करता है। रोडस्टार इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के पास अपने प्रोजेक्ट एसपीवी के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो के तहत 6 सड़क परिसंपत्तियां हैं, जिनकी कुल लंबाई 685.16 किलोमीटर है, जो भारत के 6 राज्यों में स्थित हैं जिसमें मुरादाबाद बरेली एक्सप्रेसवे लिमिटेड (एमबीईएल), सीकर बीकानेर हाईवे लिमिटेड (एसबीएचएल), पुणे शोलापुर रोड डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड (पीएसआरडीसीएल), बरवा अड्डा एक्सप्रेसवे लिमिटेड (बीएईएल), तिरुवनंतपुरम रोड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (टीआरडीसीएल) और हजारीबाग रांची एक्सप्रेसवे लिमिटेड (एचआरईएल) शामिल है। इस महत्वपूर्ण इनविट लिस्टिंग के साथ, आईएलएंडएफएस ने अपने ऋण समाधान की यात्रा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिसकी पहचान हाल ही में अपने लेनदारों को 5,000 करोड़ रुपये के अंतरिम वितरण के पूरा होने से हुई है।

## न्युवोको जोजोबेरा सीमेंट प्लांट ने महिलाओं को किया सम्मानित




**जमशेदपुर :** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने, जोजोबेरा सीमेंट प्लांट के आसपास की उल्लेखनीय महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित करने हेतु एक कार्यक्रम आज आयोजित किया। कार्यक्रम में मैन्युफैक्चरिंग हेड (ईस्ट) राघवेंद्र राव जहागीरदार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित महिलाओं में जिला परिषद की चेयरपर्सन, ग्राम पंचायत के सरपंच, पार्षद, शिक्षक, आशा व आईसीडीएस विभाग की फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शामिल थीं। मौके पर जहागीरदार ने कहा कि महिलाएं अनुशासन, दक्षता और मजबूत कार्यनीति से समाज में सार्थक बदलाव ला रही हैं। न्युवोको उनके प्रयासों को प्रोत्साहित और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पार्षद कुसुम पूर्ति ने न्युवोको की इस पहल की सराहना की और इसे सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन कर न्युवोको ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को पहचानने और सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## नेक्सा आईफा अवॉर्ड्स 2025 ने भारतीय सिनेमा के बेस्ट टैलेंट्स को दिया सम्मान



**जयपुर :** भारतीय सिनेमा के लिए यह एक बड़ा मौका था, जब इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) वीकेंड और अवॉर्ड्स ने अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। दुनिया भर से टॉप फिल्ममेकर्स, सुपरस्टार्स और इंडस्ट्री के बड़े नाम इस ग्रैंड इवेंट का हिस्सा बने। नेक्सा पेश करता है आईफा अवॉर्ड्स 2025, जिसे को-प्रेजेंट किया शोभा रियल्टी ने। यहां बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट लीडिंग रोल (मेल व फीमेल), बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल व फीमेल), बेस्ट निगेटिव रोल, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर और बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल व फीमेल) जैसी कई कैटेगरीज में जबरदस्त कॉम्पिटिशन देखने को मिली। आईफा में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर कृति सेनन ने कहा, आईफा हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। यहीं पर मुझे मेरा पहला सबसे बड़ा सम्मान मिला था, और सालों से इस मंच ने मुझे अनगिनत खूबसूरत यादें दी हैं। जयपुर, राजस्थान में हुए इस ऐतिहासिक सिल्वर जुबली एडिशन में परफॉर्म करना मेरे लिए इस सफर को और भी खास बना गया। उन्होंने आगे कहा, आईफा की एनर्जी और ग्रैंडियर का कोई मुकाबला नहीं, और मैं इस मंच पर कुछ ऐसा पेश करने के लिए बेहद उत्साहित थी, जिसे फैंस कभी न भूलें।

# स्विगी ने डिलीवरी पार्टनर के लिए सुलभ इंटरनेशनल के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ने मंगलवार को सुलभ इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत समझौते स्विगी के डिलीवरी पार्टनर दिल्ली एनसीआर, मुंबई, ठाणे, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में सुलभ शौचालय का निःशुल्क उपयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही स्विगी ने 2030 तक शत प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपने डिलीवरी बेड़े में शामिल करने का ऐलान किया है। देश का अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म स्विगी के राजधानी दिल्ली स्थित ट्रांवणकोर पैलेस में आयोजित स्विगी



सस्टेनेबिलिटी समिट 2025 का सांसद शशि थरूर ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्विगी के एमडी और समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्रीहर्ष मजेटी ने सुलभ इंटरनेशनल के अध्यक्ष कुमार दिलीप के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसके अलावा 2030 तक 100 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) डिलीवरी बेड़े में बदलाव करने का लक्ष्य घोषित किया। स्विगी सस्टेनेबिलिटी समिट 2025 के उद्घाटन के मौके पर घोषित यह साझेदारी मुंबई, ठाणे, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु चेन्नई और दिल्ली एनसीआर के शहरों सहित प्रमुख शहरों में स्विगी के डिलीवरी पार्टनर्स को स्विगी ऐप पर पंजीकरण दिखाने के बाद सुलभ शौचालय का निःशुल्क उपयोग करने में सक्षम बनाएगी। इसके अलावा स्विगी ने 8 प्रमुख स्तंभों में लक्ष्यों की घोषणा की। इसमें उत्सर्जन में कमी, परिपत्र परिवर्तन प्रदान करना, नेटवर्क और समुदायों का पोषण करना, आजीविका को समृद्ध करना और एक समावेशी कार्यबल का निर्माण करना, पाक विविधता और खाद्य अखंडता को बढ़ावा देना, डिलीवरी पार्टनर सुरक्षा और कल्याण को आगे बढ़ाना, कॉर्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता और डिजिटल स्थिरता को गति देना शामिल है। भारत का अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म ने स्विगी ने आज स्विगी सस्टेनेबिलिटी समिट में 2030 तक 100 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) डिलीवरी बेड़े में बदलाव करने का लक्ष्य घोषित किया। कंपनी ने यह भी साझा किया कि 2030 तक वह अपने शत प्रतिशत रेस्तरां भागीदारों को जिम्मेदार पैकेजिंग विकल्पों में बदलाव करने में सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य हासिल करेगा। इसके अलावा कंपनी अपने मूल्य श्रृंखला में बेहतर प्रक्रियाओं और स्वचालन के माध्यम से अपने प्रत्यक्ष संचालन में साल-दर-साल 25 फीसदी तक खराब होने वाले कचरे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध जताया।

## पेज एक के शेष

**पुलिस एनकाउंटर में कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मारा गया...**

इसी साजिश के तहत एटीएस के काफिले पर हमला हुआ। इस हमले में एटीएस की टीम पर बम फेंका गया और फायरिंग की भी घटना हुई। एटीएस की टीम पर बम फेंकने से पहले गाड़ी के आगे बांस के पेड़ भी फेंके गये थे। पेड़ फेंके जाने के बाद बम फेंका गया। इसी अंतराल में गैंगस्टर अमन साव एटीएस के एक जवान की राइफल छीन कर गोली चला दी और भागने लगा। एटीएस के हवलदार राकेश कुमार को गोली लगी है। वहीं, पुलिस ने भी तत्काल जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गैंगस्टर अमन साव घटनास्थल पर ही मारा गया। उसकी लाश के पास से पुलिस से लूटी गयी इंसास भी बरामद कर ली गयी। अमन साव झारखंड में एनआईए के कई मामलों में वांटेड था।

एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि अभी जांच चल रही है। रांची से भी वरीय अधिकारी पहुंच रहे हैं। वहीं, घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। पूरे मामले में एफएसएल की टीम मौके पर अनुसंधान कर रही है। जिस जगह पर एटीएस पर हमला हुआ है, वहां से पुलिस ने दो जिन्दा बम बरामद किये हैं। घटना के मद्देनजर पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। रामगढ़ और चैनपुर जानेवाले रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया है। मौके पर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन समेत कई आला पुलिस अधिकारी कैम्प कर रहे है। जिन्दा बम को नष्ट करने के लिए रांची से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है।

**पतरातू में बीता अमन का आरम्भिक जीवन...**

अलग होकर काम करने लगा। इसके बाद सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह की दबिश बढ़ने पर अमन पूरे परिवार के साथ मतवे आ गया। मतवे में अमन के पिता ने किराने की दुकान खोल ली। अमन का नानी घर बुण्डू में है। मंगलवार को अपराह्न 12 बजे परिजनों ने बताया कि अमन के मारे जाने की सूचना सोशल मीडिया से उन्हें मिली। सूचना मिलने के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**अमन साव एनकाउंटर की मीडिया को दी जायेगी विस्तृत जानकारी : डीजीपी...**

बीते शनिवार को कुमार गौरव की हत्या हजारीबाग के फतहा चौक पर दिन दहाड़े गोली मार कर दी गयी थी। घटना को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गये थे। घटना के चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। हमलावरों की धर-पकड़ के लिए एएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का भी गठन किया गया है। फिर भी हमलावर पुलिस पकड़ से बाहर है। घटना के चौथे दिन झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता हजारीबाग पहुंचे। यहां डीआईजी और एसपी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ हाई लेबल मीटिंग की। मीटिंग के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मीडिया को बताया कि हजारीबाग आने का उद्देश्य है कि गत दिन पूर्व एक बड़ी दुखद घटना घटी थी। एनटीपीसी के एक पदाधिकारी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। आने का मुख्य मकसद यह जानना है कि किन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा यह भी जानना है कि एनटीपीसी के अन्य पदाधिकारी, जो यहां कार्यरत हैं, उनकी क्या समस्या है। हमारे पुलिस कर्मी कैसे अपने काम को बेहतर कर सकते हैं। इस घटना के बाद हमारे पुलिस के पदाधिकारी हमलावरों की धर-पकड़ में लगे हैं। एसपी और अन्य पदाधिकारी हमलावरों को पकड़ने और घटना को अंजाम देनेवालों को पकड़ने में लगे हैं। दुर्भाग्यवश, अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि जल्द हमलावर पुलिस की पकड़ में होंगे। उन्होंने कहा कि कुमार गौरव की हत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। लेकिन, हम एनटीपीसी कम्पनी के कर्मियों से वादा करते हैं कि जल्द हमलावर गिरफ्तार होंगे और मामले का खुलासा होगा।

**बजट सत्र : राजस्व विभाग के 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत...**

राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्यर सरकार लैंड बैंक से बाहर करने का प्रयास करेगी।

**हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जायेगा**

**भू राजस्व** मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जायेगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जायेगा।

**13 सीमावर्ती जिलों में बनेंगे चेक पोस्ट**

**मंत्री** ने कहा कि सरकार सीमावर्ती 13 जिलों में चेक पोस्ट बनायेगी। इससे सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं मंत्री ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि पर कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को स्कूलों की पाठ्य पुस्तकों में शामिल करेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इसे लेकर जागरूक हो सकें।

इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं, उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आये हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है, लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं, उन्हें परेशान किया जा रहा है।

भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है। लेकिन, सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है, तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

**चुनाव आयोग ने अनसुलझे मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव...**

राजनीतिक दल संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग की ओर से माने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत समय-समय पर चुनाव आयोग की ओर से जारी किये गये निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

**शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत...**

निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया।

भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज रांची में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में बड़े पुत्र समेत दो दोस्तों की मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा एवं उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गयी थी।

सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। परिजनों को मामले की सूचना दे दी गयी है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

**'क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे'...**

इस पर उपसभापति ने उन्हें यह कह कर बोलने से रोक दिया कि आप सुबह में बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा कि उस समय मंत्री सदन में नहीं थे, इसलिए अब वह बोलेंगे। इस मुद्दे पर उन्होंने उपसभापति के लिए उपरोक्त कठोर और उनके पद की गरिमा के प्रतिकूल शब्दों का इस्तेमाल किया। इसे लेकर नेता सदन नड्डा ने गम्भीर आपत्ति जतायी।

नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खड़गे ने समय-समय पर संसद के दोनों सदनों का प्रतिनिधित्व किया है। वह वरिष्ठ सदस्य हैं, लेकिन आज उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, वह आपत्तिजनक और निन्दनीय है। उन्होंने जिन असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया है, उसे उन्हें वापस लेना चाहिए अन्यथा उसे कार्यवाही से हटाया जाये।

इसके बाद विपक्षी सदस्य खड़े होकर शोरगुल करने लगे। इस पर उपसभापति ने विपक्षी सदस्यों को सीट पर जाने के लिए कहा। बवाल बढ़ता देख खड़गे ने स्थिति सम्भाली। उन्होंने कहा कि अगर मेरी बातों से उपसभापति को ठेस पहुंची है, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। लेकिन, सरकार से नहीं। खड़गे ने कहा कि मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने देश के एक भाग की जनता के स्वाभिमान को 'अनकल्चर्ड' और 'अनसिविलाइज्ड' कह कर ठेस पहुंचाया है। वह देश को बांटने की बात कर रहे हैं, देश को तोड़ने की बात कर रहे हैं, इसलिए ऐसे मंत्री को तुरन्त इस्तीफा देना चाहिए। इस पर नेता सदन नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष खड़गे ने अपने बयान में चेयर से माफी मांगी है, यह उनकी वरिष्ठता के हिसाब से सराहनीय है। लेकिन, उन्होंने सरकार के बारे में जिन शब्दों का प्रयोग किया है, वह निन्दनीय है। उसे कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए।

इससे पहले आज राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद उपसभापति ने केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिह बिट्टू का नाम पुकारा और उन्हें सदन में आवश्यक दस्तावेज रखने को कहा, लेकिन मंत्री सदन में मौजूद नहीं थे। इस पर विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जतायी और मंत्री की अनुपस्थिति को शर्मनाक बताया। खड़गे ने कहा कि नेता सदन ने कल नसीहत दी थी कि नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के सदस्यों को सदन के नियमों का फ्रेसर कोर्स कराने की जरूरत है, लेकिन मैं पूछता हूं कि आप क्यों ट्रेनिंग नहीं लेते? आपके लोग समय पर नहीं आते। मंत्री गण भी नहीं आते। यह शर्म की बात है।

उधर, आज पूर्वाह्न 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्यों ने डुप्लीकेट ईपीआईसी संख्या, परिसीमन प्रक्रिया और तमिलनाडु को केन्द्र से उसके हिस्से के राजस्व के भुगतान की मांग जैसे मुद्दों को लेकर सदन में जोरदार हंगामा किया। इसके कारण सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

**आप्रवास व विदेशी विषयक विधेयक लोकसभा में पेश...**

1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम-1939 का स्थान लेगा।

विधेयक का उद्देश्य केंद्र सरकार को भारत में प्रवेश करने और भारत से प्रस्थान करने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता और विदेशों से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए कुछ शक्तियां प्रदान करना है। विधेयक को सदन के विचार के लिए प्रस्तुत किए जाने का कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी और तृणमूल कांग्रेस सदस्य सौगत राय ने विरोध किया। तिवारी ने कहा कि विधेयक संविधान में दिए मूलभूत अधिकारों से जुड़े कई अनुच्छेदों का उल्लंघन करता है। उन्होंने मांग की कि विधेयक को सरकार वापस ले या फिर इसे संयुक्त समिति को भेजे। तिवारी ने कहा कि विधेयक किसी विदेशी या भारतीय मूल के व्यक्तियों को भारत में प्रवेश से रोकने का अधिकार आप्रवासन अधिकारियों को देता है जिसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। वहीं सौगत राय ने गृहमंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधेयक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने वाले संस्थानों को विदेशियों के अपने यहां आने से जुड़ी जानकारी देना अनिवार्य करता है। विधेयक को प्रस्तुत किए जाने के विरोध में हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्रीय अनुसूची में होने के कारण संसद के पास इस तरह का विधेयक लाने की पूरा अधिकार है।

## एक झलक

### कांगो में नाव पलटने से 25 की मौत

**मुशी :** दक्षिण-पश्चिमी कांगो में क्वा नदी में एक नाव पलटने से 25 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, इनमें फुटबॉल खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह हादसा तब हुआ जब खिलाड़ी माई-न्डोम्बे प्रांत के मुशी शहर में एक फुटबॉल मैच खेलकर लौट रहे थे। घटना के संबंध में जानकारी दे रहे प्रांतीय प्रवक्ता एलेक्सिस मपुतु ने बताया, कि रात में खराब दृश्यता के कारण हादसा होने का अंदेशा है। हादसे के बाद कम से कम 30 लोगों को बचा लिया गया, लेकिन कई अभी भी लापता बताए गए हैं। कांगो में नदी परिवहन मुख्य यात्रा साधन है, लेकिन यहां अक्सर नाव दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बताया जाता है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना, नौका नियमों का सही से पालन न होना, रात में खतरनाक सफर करना, ये सभी कारण नाव हादसों की संख्या बढ़ाते हैं।

### कनाडा ने एनर्जी वॉर छेड़ने की दी चेतावनी

**ओंटारियो :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से लेकर यूरोप के कई मित्र देशों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि जो देश अमेरिका के प्रोडक्ट पर जितना टैरिफ लगाएगा वह भी उतना ही शुल्क उस देश पर लगाएंगे। ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिका के ट्रंप सरकार के इस कदम से कनाडा भी भड़का हुआ है। ओंटारियो के पावरफुल नेता डग फोर्ड ने अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की चेतावनी दी है। कनाडा से जस्टिन ट्रूडो की विदाई के बाद अब मार्क कार्नी ने कनाडा की सत्ता संभाल ली है। इसके साथ ही अमेरिका के साथ जारी तनातनी ने और तल्ख रूप ले लिया है।

### पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार

**वेटिकन सिटी :** वेटिकन ने बताया कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। वेटिकन ने पोप फ्रांसिस की हेल्थ के बारे में बताया कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। हालांकि, उनकी स्थिति अभी भी जटिल है। बयान में कहा गया है कि पिछले दिनों में जो सुधार हुए थे, वे अब और बेहतर हो गए हैं, जैसा कि खून के टेस्ट, डॉक्टर की जांच और दवाइयों के अच्छे असर से साबित हुआ है।

### पाकिस्तान में बलूच आर्मी ने ट्रेन को यात्रियों समेत बनाया बंधक, छह सैनिकों की हत्या

**क्वेटा :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच रिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को एक पैसेंजर ट्रेन पर हमला कर उसको अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले में छह सैनिक मारे गये हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। बीएलए का दावा है कि उसने जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे अपने कब्जे में लिया और 120 यात्रियों को बंधक बना लिया है।

# युवाओं को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा : अमित शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित नॉर्थ-ईस्ट छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने, शैक्षिक पहल को बढ़ावा देने और नॉर्थ-ईस्ट के युवाओं के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में शांति नहीं होती है, वहां विकास नहीं हो सकता और मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। वर्ष 2027 तक नॉर्थ-ईस्ट की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी।

शाह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा, ड्रग, बंद और प्रांतवाद ने नॉर्थ-ईस्ट को अनेक टुकड़ों में बांट दिया। इसके कारण पिछले 40 साल जब देश विकास के रास्ते पर चल रहा था, नॉर्थ-ईस्ट पिछड़ता गया। शाह ने कहा कि भाजपा शासन में हमेशा नॉर्थ-ईस्ट को वरीयता दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम योजनाओं के केंद्र में पूर्वोत्तर को रखने का काम किया।

उन्होंने कहा कि मणिपुर में नस्लीय हिंसा की घटना को छोड़ दें तो केवल 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुई और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं। यानी 70 प्रतिशत की कमी हुई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है। हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहे वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नगालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक विद्रोही अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। हमारी सरकार ने 10 वर्षों में 12 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

शाह ने कहा कि आज असम में 2700 करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर प्लांट लग रहा है, जो आपके काम आएगा, इतना ही नहीं, 2.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। इसकी नींव रखने का काम इन 10 सालों में हुआ है। 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी बच्चे या युवा को काम के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। आपको नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार मिलेगा।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है। नॉर्थ-ईस्ट भारत की संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासतों से लैस है। 220 से अधिक जनजातीय समूह, 160 से ज्यादा जनजातियां और 200 से अधिक भाषा-बोलियां, 50 यूनिक त्योहार और 30 से ज्यादा नृत्य शैली यहां उपलब्ध हैं। इसके बावजूद उन्होंने नॉर्थ-ईस्ट के पिछड़ने पर चिंता जताई। उन्होंने नॉर्थ-ईस्ट को भारत के विकास के साथ जोड़ने की जरूरत पर बल दिया।



### नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए पीएम ने दिया बड़ा बजट

**केन्द्रीय** गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है। दस साल में प्रधानमंत्री ने नॉर्थ-ईस्ट को अपना मानते हुए इसके विकास का इतना ध्यान रखा है कि उन्होंने तय किया है कि हर महीने कोई न कोई मंत्री नॉर्थ-ईस्ट के किसी न किसी राज्य में रात्रि निवास करेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आजादी के बाद से अब तक सभी प्रधानमंत्रियों की नॉर्थ-ईस्ट की यात्राओं की कुल संख्या असम को छोड़कर 21 है और अकेले नरेन्द्र मोदी की नॉर्थ-ईस्ट की यात्राओं की संख्या 78 है, जो दर्शाता है कि नॉर्थ ईस्ट को कितना महत्व दिया गया है। नॉर्थ-ईस्ट के विकास के लिए 2014-15 की तुलना में 2024-25 के बजट में 150 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में 4800 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिसका खासतौर पर अरुणाचल प्रदेश को फायदा होगा। ब्रह्मपुत्र पर भारत का सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल बनाने की योजना बनाई जा रही है। अरुणाचल को ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट उपहार में दिया गया। असम और भूटान के बीच रेल लाइन बनाई जा रही है। सिक्किम में जैविक खेती भी हमारी सरकार के तहत शुरू हुई।

# मोक्ष तीर्थ मणिकर्णिकाघाट पर धधकती चिताओं के बीच खेली गयी चिता भस्म की होली

## अनोखी होली में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का उमड़ पड़ा हुजूम

एजेंसी

**वाराणसी :** काशी की पवित्र भूमि, जो जीवन और मृत्यु के बीच की अनंत कड़ी है,ने इस वर्ष भी एक अद्भुत दृश्य का साक्षात्कार कराया। रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन मंगलवार को मोक्ष की धरती मणिकर्णिकाघाट पर चिता भस्म की होली का आयोजन किया गया, जो न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि जीवन और मृत्यु के साक्षात अनुभव को महसूस कराने वाला अतुलनीय दृश्य था।

महाश्मशान घाट पर जहां एक ओर चिता की लपटें सुलग रही थीं, वहीं दूसरी ओर शिव भक्तों, नागा संतों और अघोरियों के साथ हजारों युवा 'हर-हर महादेव' के उद्घोष में डूबे हुए थे। विशाल डमरूओं की निनाद के बीच चिता भस्म और अबीर से होली खेलने का यह दृश्य जैसे जीवन के अंतिम और प्रारंभिक बिंदु का मिलन था। इस दौरान,



'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत पर युवा थिरकते रहे, जबकि घाट के वातावरण में एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार हो रहा था।

मणिकर्णिका घाट पर इस अनोखी होली में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा था। घाट के नीचे एक ओर जहां शवों की कतार लगी थी, वहीं दूसरी ओर 'हर-हर महादेव' के उद्घोष ने सबको एक नई दिशा दी। यह दृश्य काशी के उन गहरे और गूढ़ संदेशों को भी समझाता है, जो जीवन और मृत्यु के बीच के रिश्ते को एक नई दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित करते हैं।

काशी में यह मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के गौने में उनके पिशाच, भूत-प्रेत, औघड़, अघोरी और संन्यासी शामिल नहीं हो पाते, क्योंकि बाबा के सभी भक्त निर्विकार होते हैं। बाबा इन्हें निराश नहीं करते और गौने के अगले दिन मणिकर्णिका घाट पर इन भूत-प्रेतों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं।

### पश्चिमी दर्शन से भिन्न है भारतीय दर्शन : शशांक

**नयी दिल्ली :** पूर्व विदेश सचिव शशांक ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर में फॉरेन स्टूडेंट्स रजिस्ट्री (एफएसआर) विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय छात्र महोत्सव-2025 में कहा कि भारतीय दर्शन पश्चिमी दर्शन से भिन्न है। उन्होंने कहा कि हमारी सोच है कि अपने ज्ञान को आप दूसरों के साथ जितना बांटेंगे उतना आप भी और प्राप्त करेंगे और अन्य लोग भी प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशांक ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप में से प्रत्येक विद्यार्थी आपके देश की भारत के साथ साझेदारी को विकसित करने में काम कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देश की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### नवीनीकरण से पहले कानूनी विवाद में फंसा शाहरुख खान का बंगला 'मन्नत'

एजेंसी

**मुंबई :** शाहरुख अपने मुंबई स्थित बांद्रा के बंगले 'मन्नत' में कुछ बदलाव करना चाहते थे, लेकिन इससे पहले ही उनके सामने एक कानूनी अड़चन आ गई है। मुंबई के एक सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने शाहरुख पर कुछ आरोप लगाए हैं, जिसके चलते 'मन्नत' का नवीनीकरण शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गया है। महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एमसीजेडएमए) के समक्ष इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर ने अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में याचिका दायर की है। इस याचिका में उन्होंने शाहरुख और महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण पर तटीय विनियमन क्षेत्र की अनुमति के बिना 'मन्नत' में



बदलाव करने का आरोप लगाया है। संतोष का दावा है कि बंगले के नवीनीकरण के दौरान नियमों का उल्लंघन किया गया और शाहरुख ने इसके लिए आवश्यक मंजूरी नहीं ली। बांद्रा के पॉश इलाके में स्थित शाहरुख खान की आलीशान हवेली 'मन्नत' किसी टूरिस्ट अट्रैक्शन से कम नहीं है। प्रशंसक अक्सर यहां आकर तस्वीरें खिंचवाते हैं और इस आइकॉनिक बंगले की झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड करेंगी भारत का दौरा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) तुलसी गबार्ड हिंद-प्रशांत क्षेत्र की 'बहु-राष्ट्रीय' यात्रा के तहत जापान, थाईलैंड के साथ भारत की यात्रा करेंगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति एवं स्वतंत्रता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध बनाने और संचार के मार्ग खुले रखने के मकसद से गबार्ड यह यात्रा कर रही हैं।

गबार्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए लिखा है- 'मैं हिंद-प्रशांत की बहु-राष्ट्रीय यात्रा पर हूं, एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैं प्रशांत क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत की यात्रा करूंगी। अमेरिका लौटते समय फ्रांस में कुछ देर के लिए रुकूंगी।' ट्रम्प प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह गबार्ड की भारत की पहली यात्रा होगी।

### पंजाब की आप सरकार शिक्षा का राजनीतिकरण बंद करे : भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों के भविष्य को दांव पर लगाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में शिक्षा का राजनीतिकरण बंद हो, वर्ना जनता करारा जवाब देगी।

## बुंदेलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार

# 200 एकड़ में बनेगा फार्मा पार्क : योगी



**झांसी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के एक दिवसीय दौरे में बुंदेलखंड के विकास का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है। अभी से ऑफर आने लग गए हैं। फार्मा पार्क के लिए 2,000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके साथ ही बुदेलखंड का विकास रफ्तर भरेगा। युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अब युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि युवाओं के पीछे जॉब भागेगी। एक-एक युवा आठ से 10 युवाओं को रोजगार देगा। अकेले बुंदेलखंड में 1000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने यह बात मंगलवार को युवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को रोजगार शुरू करने के लिए पांच-पांच लाख के चेक वितरित करने के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने वीरांगना महालक्ष्मीबाई के शौर्य और वीर भूमि को में नमन करते हुए युवाओं से सीधा संवाद किया।

# सांतरागाछी स्टेशन पर प्रमुख यार्ड पुनर्निर्माण कार्य की योजना

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे की देशभर में प्रमुख स्टेशनों के उन्नयन और आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण स्टेशन विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना का उद्देश्य इस प्रमुख स्टेशन पर परिचालन दक्षता बढ़ाना और ट्रेन प्रबंधन में सुधार करना है, जो दक्षिण पूर्व रेलवे के रेलवे नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण नए स्टेशन भवन, परिसंचरण क्षेत्र, आवश्यक यात्री सुविधाओं और कोना एक्सप्रेसवे से सड़क कनेक्टिविटी के साथ द्वीप मंच, नए प्लेटफार्मों, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवललेटर और अन्य विकासात्मक कार्यों के निर्माण के साथ किया जाएगा।



वर्तमान में, नए स्टेशन भवन (संरचनात्मक कार्य), दो फुट ओवरब्रिज के साथ सीढ़ी, सबवे, परिसंचरण सड़क, ऊंची पार्किंग, शालीमार स्टेशन से सांतरागाछी स्टेशन तक जल आपूर्ति पाइपलाइन कार्य, ग्रेड सड़क (कुछ हिस्से) और अन्य बुनियादी ढांचे के कार्य पूरे हो चुके हैं।

एक टर्मिनल स्टेशन के रूप में, सांतरागाछी से कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू होती हैं और समाप्त होती हैं, इसलिए स्टेशन और यार्ड के पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। यह स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत यात्री परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सांतरागाछी यार्ड के कमीशन होने के बाद, सांतरागाछी-संक्रैल लिंक लाइन की सुविधा होगी, जो एक द्विदिशात्मक लाइन होगी, जिसमें संक्रैल-आंधुल के बीच एक फ्लाईओवर होगा, जो संक्रैल की डाउन लाइन को आंधुल स्टेशन की अप लाइन से जोड़ता है, और फिर आंधुल-सांतरागाछी एक सतही लाइन होगी। सांतरागाछी-संक्रैल लिंक लाइन के कमीशन होने के बाद, शालीमार स्टेशन की ओर जाने वाली डाउन ट्रेनें इस लाइन पर भेजी जा सकेंगी, जिससे सांतरागाछी यार्ड में सतही क्रॉसिंग से बचा जा सकेगा। अप दिशा में, सांतरागाछी-आंधुल के बीच एक अतिरिक्त लाइन की सुविधा होगी।


